रोहतक मंगलवार 14 अप्रैल 2026 | वैशाख मास कृष्ण पक्ष | द्वादशी वर्ष : 30, अंक : 69 | पृष्ठ : 12 मूल्य : 3.00 | मौसम अधि. 37.4, न्यून. 14.4 | haribhoomi.com




# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




भारत सरकार
CBC 22201/13/0010/2627
अब नेतृत्व की बारी है, **नारी शक्ति वंदन** की ज़िम्मेदारी है
#NariShaktiVandan
देश की बेटियों को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% आरक्षण की गारंटी

3+ करोड़ महिलाएं बनीं लखपति दीदी
35+ करोड़ महिलाओं को मिला मुद्रा लोन

### चुनाव आयुक्त ने की घोषणा, संबंधित क्षेत्रों में आचार संहिता लागू

# तीन नगर निगम समेत 7 निकायों में वोटिंग 10 मई को, परिणाम 13 को

**पंचायत उपचुनाव भी साथ, हाईकोर्ट पहुंची कांग्रेस, 15 को सुनवाई**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में तीन नगर निगमों, नगर परिषदों और पंचायतों में होने वाले उपचुनाव के लिए 10 मई को मतदान होगा। मतगणना 13 मई को होगी। राज्य चुनाव आयुक्त देविंदर कल्याण ने पंचकूला स्थित राज्य चुनाव आयोग कार्यालय में सोमवार को चुनाव का शेड्यूल जारी किया। प्रदेश में जहां-जहां पर भी नगर निगम और नगर परिषद व अन्य चुनाव होने हैं, उन इलाकों में आदर्श आचार संहिता तुरंत प्रभाव से लागू हो गई हैं। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण पर भी रोक लग गई है। चुनाव आयुक्त ने साफ कर दिया है कि जिस तरह से विधानसभा चुनावों और लोकसभा में आचार संहिता का पालन किया जाता है, उसी तरह से हम इसमें भी पालन कराने का काम करेंगे। इसके लिए भले ही सख्ती करने पड़े।



**ऐसा रहेगा शेड्यूल**

| | |
|---|---|
| नामांकन नोटिस | 15 अप्रैल |
| नामांकन | 21 से 25 अप्रैल |
| पत्रों की जांच | 27 अप्रैल |
| नाम वापसी | 28 अप्रैल |
| वोटिंग | 10 मई |
| मतगणना | 13 मई |

*28 अप्रैल को ही उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न मिलेंगे। जरूरत पड़ने पर 12 मई को दोबारा मतदान होगा।*

**इन निकायों में चुनाव**

**नगर निगम** अंबाला, पंचकूला, सोनीपत
**नगर परिषद** रेवाड़ी
**नगर पालिका** सांपला (रोहतक) उकलाना (हिसार ) व धारूहेड़ा (रेवाड़ी)

*टोहाना, झज्जर, राजौंद, तरावड़ी, कनीना और साढ़ौरा की नगर परिषदों एवं नगर पालिकाओं के विभिन्न वार्डों की 6 रिक्त सीटों पर उपचुनाव भी होंगे*

**खर्च की सीमा (लाख में)**

**नगर निगम** मेयर : 30
**नगर निगम** पार्षद : 7.5
**नगर परिषद** अध्यक्ष : 20
**नगर परिषद** पार्षद : 4.5
**नगर पालिका** अध्यक्ष : 12.5
**नगर पालिका** सदस्य : 3
सरपंच के लिए 2 लाख, जिला परिषद सदस्य 6 लाख रुपये चुनाव खर्च कर सकते हैं।

**पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव भी :** पंचायती राज संस्थाओं के तहत हिसार के ग्राम पंचायत मंडी आदमपुर और जवाहर नगर और कैथल गोविंदपुरा और पोलड़ में आम चुनाव होंगे। प्रदेश की अन्य 528 खाली सीटों (पंच, सरपंच, पंचायत समिति और जिला परिषद) पर उपचुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चुनाव की घोषणा के साथ ही संबंधित नगर निकाय और पंचायत क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता 13 अप्रैल, 2026 से तुरंत प्रभावी हो गई है, जिसके अंतर्गत चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण पर भी रोक लगा दी गई है।

**शैक्षणिक योग्यता के मानदंड**

शैक्षणिक योग्यता के मानदंडों को स्पष्ट करते हुए आयोग ने बताया कि नगर निगम महापौर व नगर परिषद/पालिका अध्यक्ष पद के लिए अनारक्षित और पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों का 10वीं पास होना अनिवार्य है, जबकि महिलाओं और अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए यह योग्यता 8वीं पास रखी गई है। पंचायती राज संस्थाओं में पंच, सरपंच और सदस्य पद हेतु सामान्य श्रेणी के लिए 10वीं पास होना आवश्यक है, जबकि महिलाओं और अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए 8वीं पास की योग्यता तय की गई है। विशेष रूप से, अनुसूचित जाति की उन महिला उम्मीदवारों के लिए, जो पंच (सदस्य ग्राम पंचायत), नगर परिषद/पालिका एवं निगम की सदस्य का चुनाव लड़ना चाहती हैं, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 5वीं पास निर्धारित की गई है।

**'नोटा' का विकल्प मिलेगा**

मतदाताओं को 'नोटा' का विकल्प भी दिया जाएगा। आयोग ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए भारी पुलिस बल और वरिष्ठ अधिकारियों को ऑब्जर्वर के रूप में तैनात करने का निर्णय लिया है।

**कांग्रेस ने लगाई याचिका**

उधर, इन निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस हाईकोर्ट में चली गई है। याचिका दायर करते हुए कहा कि कोर्ट के आदेश पर पूरी अधिसूचना रद्द हुई थी, जबकि शहरी स्थानीय निकाय ने केवल एससी वर्ग से जुड़ी अधिसूचना को फिर से जारी कर दिया। साल 2011 की जनगणना के अनुसार वार्ड रिजर्व करने का आदेश बीसी वर्ग पर भी लागू होता है। सामान्य और बीसी वर्ग की अधिसूचना को नए सिरे जारी नहीं किया गया, जोकि कोर्ट के आदेश की अवहेलना है। हाईकोर्ट ने कांग्रेस की याचिका को स्वीकार करते हुए 15 अप्रैल को सुनवाई निश्चित की है।

### मौसम विभाग ने जारी किया पूर्वानुमान

# इस वर्ष कमजोर रहेगा मॉनसून आठ फीसदी कम बारिश होगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस साल मानसून में सामान्य से 8 फीसदी कम बारिश होगी। मौसम विभाग ने मॉनसून-2026 का पूर्वानुमान जारी कर दिया है। मौसम विभाग का कहना है कि इस साल दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की चाल 'सामान्य' से थोड़ी सुस्त रह सकती है और कुल बारिश दीर्घावधि औसत का महज 92% रहने का अनुमान है। कम बारिश होने के पीछे की वजह 'अल-नीनो' प्रभाव है। शुरुआती संकेत यही हैं कि इस साल देश के कई हिस्सों में बादल उतने मेहरबान नहीं होंगे जितनी उम्मीद की जा रही थी।

**एक जून के आसपास केरल तट से टकराएगा**

दक्षिण-पश्चिम मानसून 1 जून के आसपास केरल तट पर पहुंच सकता है। इसके बाद यह आगे बढ़ते हुए भोपाल सहित मध्य भारत में 15 से 20 जून के बीच दस्तक देगा। पिछले साल मानसून तय समय से 8 दिन पहले यानी 24 मई को ही केरल पहुंच गया था। मानसून केरल से आगे बढ़ते हुए महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में आमतौर पर मध्य जून तक पहुंचता है। 11 जून तक मुंबई और 8 जुलाई तक पूरे देश में फैल जाता है। इसकी वापसी उत्तर-पश्चिम भारत से 17 सितंबर को शुरू होती है और यह पूरी तरह 15 अक्टूबर तक लौट जाता है। अल नीनो इफेक्ट की वजह से मानसून में देरी हो सकती है। हालांकि सीजन के आखिर में थोड़ी राहत मिल सकती है।

**खरीफ फसलों पर असर नहीं**

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि हमारा अनुमान है कि अल नीनो की स्थिति जून तक न्यूट्रल रहेगी। इसका ज्यादा असर अगस्त और सितंबर 2026 में मॉनसून पर पड़ने का अंदेशा है। भारत में अधिकतर खरीफ फसलों की बुवाई जून और जुलाई महीने में होती है। इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून सीजन के दौरान औसत से कम बारिश होने का खरीफ फसलों की बुवाई पर ज्यादा असर नहीं होगा।

**अब तपेगा उत्तर भारत**

**नई दिल्ली।** पिछले 15 दिनों से वेस्टर्न डिस्टरबेंस ने तेज गर्मी पर ब्रेक लगा रखा था, लेकिन अब उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत में तापमान बढ़ने लगा है। जल्द ही पारा भी 40° से ज्यादा पहुंच सकता है। इधर, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, सौराष्ट्र कच्छ, बिहार में इस हफ्ते पारा 40 डिग्री पार हो जाएगा। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 30 जिलों में धूल भरी आंधी चलने का अलर्ट है।

# करनाल में ड्राइविंग सीखते समय पेड़ से टकराई कार, मां और बेटी की मौत

**करनाल।** करनाल में एक दिल दहला देने वाले हादसे में ड्राइविंग सीख रही महिला की कार पेड़ से टकरा गई, जिससे उसकी 5 वर्षीय बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। बेटी की मौत का सदमा मां सहन नहीं कर पाई और करीब दो घंटे बाद उसने भी दम तोड़ दिया। मृतका आरती (35) पंचकूला स्थित हरियाणा सचिवालय में कार्यरत थीं, जबकि उनके पति बृजेश करनाल के केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान (सीएसआरआई) में कार्यरत हैं। उनकी 5 वर्षीय बेटी अयांशी यूकेजी कक्षा की छात्रा थी, जबकि एक 7 महीने की बच्ची भी है। जानकारी के अनुसार, बृजेश ने करीब 5 महीने पहले नई कार (वेन्यू) खरीदी थी और आरती उसे चलाना सीख रही थीं। 12 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे आरती सीएसआरआई परिसर में ड्राइविंग का अभ्यास कर रही थीं। उस समय बृजेश साथ वाली सीट पर बैठे थे और अयांशी उनकी गोद में बैठी थी। बताया जा रहा है कि अचानक आरती का पैर ब्रेक की जगह एक्सीलेटर पर चला गया, जिससे कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अयांशी का सिर शीशे से टकराया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया। दोस्त विकास के अनुसार, बेटी की मौत की खबर सुनकर आरती को गहरा सदमा लगा और उनकी हालत बिगड़ने लगी। उन्हें तुरंत अमृतधारा अस्पताल ले जाया गया, जहां करीब पौने 8 बजे उन्होंने भी दम तोड़ दिया।

**ब्रेक की जगह दबा दिया एक्सीलेटर, मां ने सदमे में तोड़ दिया दम**

## खबर संक्षेप

### बिहार में आज शाम 4 बजे नए सीएम का ऐलान

**पटना।** बिहार में नई सरकार के गठन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर राज्यपाल के सचिव गोपाल मीणा ने सीनियर अधिकारियों की बैठक बुलाई। बैठक में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को लेकर ब्रीफिंग दी गई। जानकारी के मुताबिक, सीएम नीतीश मंगलवार को 3.30 बजे राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं। 2 बजे प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में भाजपा विधायक दल की बैठक होगी। वहीं 3 बजे जदयू विधायक दल की बैठक होगी। *एजेंसी*

# होर्मुज में नया मोर्चा, ईरान और अमेरिका आए आमने-सामने

**अमेरिका की धमकी जो भी जहाज आएगा उसे खत्म कर देंगे**

**21 को फिर हो सकती है अमेरिका ईरान वार्ता**

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री नाकाबंदी पर ईरान और अमेरिका आमने-सामने आ गए है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री नाकाबंदी शुरू हो गई है। यह फैसला आज शाम 7:30 बजे (अमेरिकी समयानुसार सुबह 10 बजे) से लागू हुआ। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि अगर कोई भी ईरानी जहाज अमेरिकी नाकाबंदी के पास आता है, तो उसे तुरंत खत्म कर दिया जाएगा। होर्मुज स्ट्रेट की समुद्री नाकाबंदी के मामले में अमेरिका अलग-थलग पड़ गया है। रूस, यूरोपीय संघ सहित कई देशों ने होर्मुज में अमेरिकी नाकाबंदी का विरोध किया है। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने अमेरिका के उस फैसले की आलोचना की है। यूरोपीय संघ (ईयू) की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही तुरंत बहाल की जानी चाहिए। ईरानी राष्ट्रपति मसूज पजशकियान ने कहा कि अगर अमेरिकी हठधर्मिता वाली नीति छोड़ दे तो निश्चित रूप से समझौते तक पहुंचने के रास्ते निकल सकते हैं। वहीं, अमेरिका-ईरान के बीच 21 अप्रैल को फिर से वार्ता होने की उम्मीद है।

## आशा ताई पंचतत्व में विलीन, उमड़ा सैलाब



**मुंबई।** सिंगर आशा भोसले का सोमवार को राजकीय सम्मान के साथ शिवाजी पार्क श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। उन्हें महाराष्ट्र पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। बॉलीवुड सिंगर्स ने उनका गाना 'अभी ना जाओ छोड़कर ' गाकर विदाई दी। सोमवार सुबह उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके मुंबई स्थित निवास कासा ग्रांडे में रखा गया था। उन्हें तिरंगे में लपेटकर सलामी भी दी गई। आशा का रविवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया था। वे 92 साल की थीं। आशा भोसले ने 82 साल के सिंगिंग करियर में 9 फिल्मफेयर समेत 100 से अधिक अवॉर्ड जीते।

# पंजाब में बेअदबी पर उम्रकैद वाला बिल विधानसभा में पास

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र में सोमवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) विधेयक-2026 पेश किया। इसे सर्वसम्मति से पास किया गया। उन्होंने कहा कि बेअदबी की सजा उम्र कैद टिल डेथ तक है। वहीं, उन्होंने यह भी साफ किया कि यह विधेयक अभी केवल श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी पर ही लागू होगा। जबकि, गैर सिखों (हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, आदि) के पवित्र ग्रंथों और धार्मिक स्थलों से छेड़छाड़ पर इस विधेयक के तहत फिलहाल कोई सजा का प्रावधान नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य धर्मों के लोगों से भी राय लेकर जल्द ही कानून बनाया जाएगा। विधानसभा में मुख्यमंत्री मान ने विपक्ष के नेताओं से कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूप की बेअदबी के बारे में विस्तार से बताया गया है।

**गीता, कुरान, बाइबल का जिक्र नहीं**

अन्य धर्मों के लोगों से राय लेकर जल्द ही कानून बनाया जाएगा


गवर्नर से साइन कराना हमारी ही नहीं आपकी भी जिम्मेदारी

### शोरूम के बाहर कारें फूंकी, 150 गाड़ियां तोड़ीं

# नोएडा में हिंसक प्रदर्शन 350 फैक्ट्रियों में तोड़फोड़

एजेंसी ▶▶| नोएडा

फैक्ट्री कर्मचारियों ने सोमवार को हिंसक प्रदर्शन किया। 9 अप्रैल से सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे सैकड़ों कर्मचारी हाथ में डंडे-लाठी लेकर सड़कों पर उतर आए। 42 हजार कर्मियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में 350 से ज्यादा फैक्ट्रियों में पथराव, तोड़फोड़ की। 150 से ज्यादा गाड़ियां में तोड़फोड़ और करीब 50 से ज्यादा फूंक दीं। पुलिस की गाड़ियां भी पलट दीं। हालात बिगड़े तो कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। 200 लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। उधर, योगी सरकार ने जांच के लिए हाईलेवल कमेटी बनाई है।



**गुरुग्राम की कंपनियों को पेट्रोल बम से जलाने की थी साजिश**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में 9 अप्रैल को सैलरी बढ़ाने को लेकर हुए प्रदर्शन में एक बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला कि कंपनियों को पेट्रोल बम से जलाने की साजिश थी। बाहरी लोगों ने कर्मचारियों को आगजनी के लिए उकसाया था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहतक के भरान निवासी आकाश, जींद के लखमीरवाला निवासी अजीत सिंह, उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल निवासी हरीश चंद, बिहार के मधुबनी निवासी पिंटू कुमार यादव, उत्तराखंड के उद्यम सिंह नगर निवासी राजू सिंह और उत्तर प्रदेश के बदायूं निवासी श्यामबीर के रूप में हुई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा-चुनाव से 10 दिन पहले प्रक्रिया में दखल नहीं दे सकते

# जिन वोटर्स के नाम एसआईआर के तहत कटे उन्हें वोट डालने की इजाजत नहीं मिलेगी

**याचिका में मनमाने ढंग से नाम हटाने का आरोप**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में उन वोटरों को मतदान की इजाजत देने से इनकार कर दिया, जिनके नाम विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में काटे गए हैं और उनकी शिकायत अपीलीय ट्रिब्यूनलों में लंबित हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि अगर हम ऐसे वोटरों को वोट डालने की इजाजत देंगे तो उन लोगों के वोटिंग अधिकार छीनने होंगे जिनके नाम एसआईआर लिस्ट में शामिल हैं। कोर्ट ने कहा कि वोटिंग से 10 दिन पहले, इस स्टेज पर चुनाव प्रक्रिया में कोई दखल नहीं देंगे। सीजेआई ने कहा कि अगर एसआईआर प्रक्रिया को लेकर ऐसे ही आपत्तियां आती रहीं, तो चुनाव कैसे होंगे। कलकत्ता हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 11 अप्रैल तक 34 लाख से अधिक अपीलें दायर की जा चुकी हैं जिनपर फैसला आना बाकी है।

**जीत के अंतर से ज्यादा वोटर वोट नहीं डाल पाए तो दखल देंगे**



सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि चुनाव परिणाम में तभी दखल दिया जाएगा, जब बड़ी संख्या में मतदाता बाहर किए गए हों और वह संख्या जीत के अंतर को प्रभावित करती हो। जस्टिस बागची ने आयोग से कहा- मान लीजिए कि जीत का अंतर 2% है और 15% मतदाता वोट नहीं डाल सके, तो हमें इस पर सोचना होगा। यह चिंता का मामला हो सकता है। यह मत समझिए कि बाहर किए गए मतदाताओं का सवाल हमारे दिमाग में नहीं है।

**अफसरों से 100% सटीकता की उम्मीद नहीं कर सकते**

जस्टिस बागची ने यह भी कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में काम कर रहे न्यायिक अधिकारियों से भी जांच प्रक्रिया के दौरान कुछ गलतियां हुई होंगी। उन्होंने कहा- न्यायिक अधिकारियों से 100% सटीकता की उम्मीद नहीं की जा सकती, क्योंकि वे बहुत प्रेशर में काम कर रहे हैं। जस्टिस बागची ने कहा कि जब कोई अधिकारी रोज 1000 से ज्यादा दस्तावेजों की जांच करता है और समयसीमा भी कड़ी होती है, तो 70% सटीकता भी बेहतरीन मानी जाएगी। इसलिए एक मजबूत अपीलीय तंत्र जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### अवैध खनन में ट्रैक्टर-ट्राली जब्त, चालक फरार

**नूंह।** जिले के पिनगवां थाना क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस और एवीटी स्टाफ की संयुक्त कार्रवाई में एक ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त किया गया है। यह कार्रवाई अरावली पर्वत श्रृंखला के अंतर्गत गांव बाजिदपुर क्षेत्र में की गई। जानकारी के अनुसार, टीम अवैध माइनिंग की जांच के दौरान मौके पर पहुंची, जहां एक ट्रैक्टर - ट्राली अवैध रूप से पत्थर खनन करते हुए पाई गई। टीम द्वारा जब वाहन को रोकने और चालक को काबू करने का प्रयास किया गया, तो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए ट्रैक्टर-ट्राली को अपने कब्जे में लेकर थाना अहाता पिनगवां में खड़ा कर दिया। जब्त किए गए वाहन का मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया गया है। इसके साथ ही सिविल माइनिंग स्टाफ, नूंह को सूचना देकर वाहन को अवैध खनन के मामले में सीज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### माइनर में महिला का हाथ-पांव बंधा शव मिला

**सिरसा।** महिला के हाथ पांव बांधकर शव को माइनर में फेंकने का मामला सामने आया है। सोमवार को माइनर में महिला का शव संदिग्ध हालात में मिला। अभी तक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और प्राथमिक दृष्टता में शव को देखकर हत्या का शक जताया जा रहा है। पुलिस महिला की पहचान की लिए जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, डिंग थाना क्षेत्र में गांव कुसुम्बी माइनर में महिला का शव पाया गया है। मृतका की उम्र करीब 20 से 25 साल बताई जा रही है। माइनर के पास बनी ढाणी के लोगों ने माइनर में शव को उतरते हुए देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को माइनर से बाहर निकला। तो महिला के हाथ और पैर बंधे हुए पाए गए।

### ईएसआई झगड़ा निपटाने गए, कार ने कुचला

**फरीदाबाद।** थाना धौज के गांव आलमपुर में रविवार सुबह ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डायल 112 की ईआरवी-173 टीम को गांव आलमपुर में दो पक्षों के बीच झगड़े की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस टीम में शामिल ईएसआई राजेंद्र सिंह मौके पर मौजूद थे कि तभी गली की ओर से तेज रफ्तार में एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार आई और उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

## प्रदेशभर की मंडियों में सर्वर डाउन रहने से गेहूं खरीद में आई बाधा

# ई-खरीद ठप : किसानों ने जाम लगाया तो हाथ से गेटपास बना अंदर भेजीं ट्रालियां

**सुबह 11 बजे सर्वर में आई दिक्कत, सायं 5 बजे हो पाया सुचारू**

गेहूं खरीद में बायोमेट्रिक सिस्टम के विरोध के बीच सोमवार को ई खरीद साइट पर सर्वर ठप हो गया। इस वजह से वेरिफिकेशन व गेटपास में बाधा पैदा हो गई और मंडी के बाहर वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं। रोषजदा किसानों ने जींद, फतेहाबाद, करनाल व यमुनानगर आदि कई जिलों में रोड जाम कर विरोध जताया। सुबह करीब 11 बजे ठप हुआ सिस्टम सायं करीब पांच बजे जाकर सुचारु हो पाया। इस दौरान कई जगह मैनुअल गेटपास जारी कर किसानों को समझाया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सोमवार को अनाज मंडी में ई-खरीद साइट सुबह करीब 11 बजे बंद हुई, जो दोपहर करीब सवा 2 बजे 3 घंटे बाद दोबारा चालू हो सकी, लेकिन इसके बाद भी पूरा दिन इसमें बाधा आती रही। इससे किसानों की गेहूं से भरी ट्रैक्टर ट्रालियों का अनाज मंडी के गेट न. 1 व 2 पर जाम लगा रहा और मार्कीट कमेटी कार्यालय कर्मियों द्वारा मैनुअल गेटपास काटे गए, लेकिन इस दौरान किसानों की बायोमेट्रिक नहीं हो सकी, जिसके चलते इस अवधि के दौरान उनकी फसल भी नहीं बिक सकी।


यमुनानगर। अनाजमंडी में बायोमेट्रिक सिस्टम खराब होने के बाद गुस्साए किसान जाम लगाते हुए।

### किसानों को बोले-मंगलवार को दोबारा आना

जींद के गांव किनाना के किसान सियाराम, धर्मा, गांव अनूपगढ़ के किसान महेंद्र इत्यादि ने बताया कि पहले तो उन्हें गेटों पर ही कई घंटे जाम में फंसे रहना पड़ा। इसके बाद किसी तरह से उनकी फसल का मैनुअल तरीके से गेटपास काटकर अंदर भेजा गया तो उनकी बायोमेट्रिक केंद्रों के बाहर कई घंटे लाइन में खड़े रहने के बाद कमेटी कर्मियों का यही जवाब सुनने को मिला की अभी साइट पर भारी दबाव है मंगलवार को दोबारा आना। वहीं आढ़तियों को भी इससे काफी परेशानी हुई और वो अपने किसानों की वेरिफिकेशन नहीं कर पा रहे थे।

### दरी बिछाकर सड़क के बीच बैठे

**यमुनानगर।** जगाधरी अनाज मंडी में गेटपास और बॉयोमेट्रिक सिस्टम की साइट बंद होने से गुस्साए किसानों ने सोमवार को मंडी के बाहर सड़क पर जाम लगा दिया। किसानों ने ट्रैक्टर ट्रालियां सड़क के बीच में खड़ी कर दी और दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और किसानों के साथ मिलकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर किसानों को समझाकर जाम को खुलवाया। दोपहर के बाद खरीद कार्य शुरू हो पाया।

### इंद्री में दो घंटे लगाया जाम

**करनाल।** इंद्री अनाज मंडी में पोर्टल ठप होने से मंडी में गेहूं लेकर आए किसानों को दिनभर परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह 11 बजे तक पोर्टल रुक-रुक कर चला लेकिन उसके बाद पोर्टल बिल्कुल पूरी तरह से ठप हो गया। घंटों इंतजार के बाद किसानों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने मंडी के मुख्य गेट के सामने ट्रैक्टर-ट्रालियां अड़ाकर स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। करीब 2 घंटे तक राहगीर जाम में फंसे रहे। मार्केट कमेटी सचिव अजीत सिंह व थाना प्रभारी विपिन कुमार ने किसानों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद इंद्री के एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत कर सड़क पर खड़ी ट्रालियों को मंडी के अंदर खड़ा करवा कर जाम खुलवाया। मार्केट कमेटी सचिव अजीत सिंह ने बताया कि शाम को 5 बजे पोर्टल चालू हो गया है और किसानों के गेट पास काटने शुरू हो गए हैं।

### टोहाना में सांसद के मंडी से जाते ही सर्वर हुआ ठप

**फतेहाबाद।** सोमवार को टोहाना की अनाज मंडी में उस वक्त स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के दौरे के ठीक बाद गेहूं खरीद का ऑनलाइन पोर्टल ठप हो गया। इससे नाराज किसानों ने भाकियू के नेतृत्व में रतिया रोड स्थित एडिशनल अनाज मंडी के पास टोहाना-फतेहाबाद मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पोर्टल दोबारा चालू होने पर जाम खोला। वहीं, रतिया में भी इसी समस्या के चलते किसानों ने विरोध जताया।

### 114 तकनीकी कर्मचारी नियुक्त होने का दावा, सर्वर फिर भी हुआ डाउन

**चंडीगढ़।** रबी खरीद 2026 - 27 के दौरान सरकार दावा कर रही है कि 114 तकनीकी कर्मचारी इस सिस्टम में लगाए गए हैं। इसके बावजूद सर्वर कई घंटे ठप रहा। वहीं, प्रदेश में 12 अप्रैल तक लगभग 39.65 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। लगभग 2.44 लाख किसानों का 30.90 लाख मीट्रिक टन गेहूं हेतु बायोमेट्रिक सत्यापन हो चुका है। 10.92 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है और लगभग 188 करोड़ की राशि किसानों के बैंक खाते में सीधेतौर पर स्थानांतरित हो चुकी है। पिछले वर्ष रबी खरीद सीजन 2025 - 2026 के दौरान 12 अप्रैल 2025 तक राज्य भर की मंडियों में लगभग 20.39 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई थी। किसानों के बायोमेट्रिक सत्यापन हेतु 1281 मशीनें, 407 आंख की पुतली से पहचान मशीनें स्थापित की गई हैं। लगभग 2500 और 114 तकनीकी स्टाफ नियुक्त किया गया है।

## पीजीआई रोहतक में 5 दिन में दूसरा अंगदान

# ब्रेन डेड जेल वार्डन कुलदीप ने 5 लोगों को दिया नया जीवन

- सुबह छह से दस बजे तक ग्रीन कॉरिडोर बना अंग भेजे दिल्ली, मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने परिवार को दिए पांच लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पीजीआईएमएस रोहतक में पांच दिन के अंदर अंगदान करने का दूसरा प्रेरणादायी मामला आया है। जेल वार्डन कुलदीप सिंह को ब्रेन डेड घोषित करने के बाद उनके परिजनों ने अंगदान का साहसिक निर्णय लिया। इस निर्णय से किडनी, लिवर, पैंक्रियाज और कॉर्निया जैसे अंग जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचाए गए। सोमवार तड़के साढ़े चार बजे से साढ़े आठ बजे तक डॉक्टरों की टीम ने सफल ऑपरेशन किया।


कुलदीप सिंह।

### यहां काम आए अंग

पीजीआईएमएस के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने बताया कि एक किडनी और पैंक्रियाज एम्स दिल्ली, लिवर आईएलबीएस दिल्ली तथा किडनी व कॉर्निया पीजीआईएमएस रोहतक भेजे गए। कुलदीप सिंह पिछले एक साल से ब्रेन ट्यूमर से जूझ रहे थे।

अंगों को समय पर पहुंचाने के लिए प्रशासन ने सुबह छह से दस बजे तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया, जिसमें 200 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहे। एंबुलेंस को बिना रुकावट दिल्ली और रोहतक के अस्पतालों तक पहुंचाया गया।

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने इसे प्रेरणादायक बताते हुए परिवार को 5 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। डॉक्टरों ने कहा कि यह कदम समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा। कुलदीप सिंह ने अपने अंतिम क्षणों में भी इंसानियत का फर्ज निभाते हुए कई जिंदगियां रोशन कर दीं।

## मां की साड़ी का झूला बनाकर खेल रही थी 13 वर्षीय किशोरी, गले में फंसने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

घर पर झूला झूलने के चक्कर में एक 13 वर्षीय किशोरी की जान चली गई। देवीलाल कॉलोनी में बिहार के सीतामढ़ी जिले के रहने वाले सुरेश कुमार अपने परिवार के साथ रहते हैं और सिलाई का काम करते हैं। परिवार में पत्नी और तीन बेटियां हैं। सबसे बड़ी बेटी रानी कुमारी 13 साल की थी। रविवार शाम को तीनों बहनें घर में झूला झूल रही थी। मां-पिता पास के कमरे में ही थे। इसी दौरान रानी ने मां की साड़ी ली और दीवार की ग्रिल पर डालकर मजबूत झूला बना लिया। झूलते वक्त साड़ी का एक छोर रानी की गर्दन में लिपट गया। तेज गति के कारण साड़ी और भी कस गई। गला फंसने से रानी चीख भी नहीं पाई।

## एक एकड़ में फैले कबाड़ में लगी आग, सबकुछ राख

# बहादुरगढ़ में अवैध पीवीसी स्टॉक में आग लगने से जिंदा जला युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



शहर के छोटूराम नगर क्षेत्र में रविवार देर रात अवैध पीवीसी स्टॉक में भीषण आग लगने से दर्दनाक हादसा हो गया। आग की चपेट में आने से झुग्गी में सो रहा एक प्रवासी युवक जिंदा जल गया। पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है।

दरअसल, छोटूराम नगर में कई जगहों पर अवैध पीवीसी कारोबार फल फूल रहा है। बीती रात करीब दो बजे यहां एक गोदाम में आग सुलग गई। देखते ही देखते करीब एक एकड़ कबाड़ में फैल गई। आग में कबाड़, झुग्गियां, मशीनें और अन्य सामान जलकर राख हो गए। इसी दौरान झुग्गी में सो रहे उत्तर प्रदेश के गोंडा के निवासी 35 वर्षीय शिवबाबू की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। उधर, सूचना मिलने पर दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और बचाव कार्य शुरू किया। सोमवार सुबह आग पर नियंत्रण पाया जा सका। मलबे के बीच मृतक शिवबाबू का शव कंकाल अवस्था में बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाएगी। बताते हैं कि करीब ढाई महीने पहले ही यहां आया था। छोटूराम नगर में प्लास्टिक वेस्ट का काम करता था। लाइनपार थाने से जांच अधिकारी अशोक कुमार का कहना है कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। उनके यहां आने के बाद बयान लिए जाएंगे। फिर आगामी कार्रवाई शुरू होगी।

## पति की हत्या में पत्नी और प्रेमी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जसबीर सिंह की अदालत ने अपने ही पति रिंपी भाटिया की हत्या करने के मामले में पत्नी पायल व उसके प्रेमी पानीपत निवासी हरप्रीत उर्फ हैप्पी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों को 30-30 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर दोनों को अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इसमें एक तीसरा आरोपित भी है, जिसका मामला जुवेनाइल अदालत में विचाराधीन है। अदालत में चले अभियोग के अनुसार सफीदों के वार्ड नंबर स्थित हाजी वाला कुआं निवासी शांति रानी ने अपने बेटे के गुम होने की शिकायत पुलिस को दी थी। शांति ने कहा था कि 24 सितंबर 2019 की रात को दस बजे उसके बेटे रिंपी का उसकी पत्नी पायल के साथ झगड़ा हो गया था। वह घर से निकल गया था। उसके पीछे-पीछे पायल भी चली गई थी। पायल दो घंटे बाद वापस आ गई थी, लेकिन रिंपी वापस नहीं आया। अगले दिन शांति ने आरोप लगाए कि उसकी पुत्रवधु पायल, पानीपत निवासी हरप्रीत उर्फ हैपी व एक किशोर ने उसके बेटे की हत्या की है। हांसी पुलिस ने 28 सितंबर को पुट्टी-सामन गांव के पास जुई नहर में रिंपी का शव बरामद किया। पुलिस ने पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था। जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई तो पता चला कि रिंपी की हत्या सिर में ईंट मारकर की गई थी। इसके बाद शव को नहर में फेंक दिया था।

# फतेहाबाद में गरीबों से होम लोन की किस्तें लेकर बैंक कर्मियों ने डकारी

- उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक की पार्टनर कंपनी में 7.29 लाख का गबन, तीन पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक की पार्टनर कंपनी एंबीशन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के तीन अधिकारियों पर उपभोक्ताओं से एकत्रित की गई किस्तों की राशि को बैंक में जमा करने के बजाय डकारने का आरोप लगा है। कुल 7 लाख 29 हजार रुपये के इस गबन के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कंपनी की आंतरिक जांच और पुलिस शिकायत के अनुसार, गबन में शामिल तीनों कर्मचारी अलग-अलग क्षेत्रों के रहने वाले हैं और कंपनी में जिम्मेदार पदों पर तैनात थे। असिस्टेंट मैनेजर कुलविंद्र सिंह निवासी गांव साधनवास पर 5,19,378, सेंटर मैनेजर आनंद निवासी गांव चिलकनी ढाब, ऐलनाबाद, सिरसा पर 1,77,645 तथा सेंटर मैनेजर गुरदास निवासी गांव धोतड़ ढाणी, सिरसा पर 32,500 रुपये के गबन का आरोप है। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के एरिया कलेक्शन मैनेजर अभय सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी आरबीआई के नियमों के तहत गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले और शहरी उपभोक्ताओं को समूह लोन उपलब्ध कराती है। सितंबर 2025 के दौरान, इन तीनों अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से लोन की किस्तें तो एकत्रित कीं, लेकिन उन्हें बैंक के अधिकारिक खाते में जमा नहीं करवाया। जब कंपनी ने मासिक हिसाब-किताब की समीक्षा की तो बड़ी वित्तीय अनियमितता पाई गई। कंपनी द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में पाया गया कि तीनों आरोपियों ने आपस में मिलकर योजना बनाई। आरोप है कि उपभोक्ताओं से वसूली गई नकदी को आरोपियों ने बैंक में जमा करने के बजाय अपने निजी कार्यों में खर्च कर दिया।

### लौटाने का वादा कर करते रहे गुमराह

मामला पकड़े जाने पर मुख्य आरोपी कुलविंद्र सिंह ने 15 सितंबर 2025 तक राशि लौटाने का समय मांगा था, लेकिन समय बीतने के बाद भी पैसा जमा नहीं हुआ। कंपनी ने आरोपियों को रिकवरी के लिए कानूनी नोटिस भी भेजे, लेकिन उनकी ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला और वे अब फरार हैं। फतेहाबाद सिटी थाना पुलिस ने एरिया कलेक्शन मैनेजर की शिकायत के आधार पर कुलविंद्र, आनंद और गुरदास के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की टीमें आरोपियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## हाईकोर्ट से जुड़े दो अहम मामले


# पति-पत्नी के बीच समझौता गुजारा भत्ते का अधिकार समाप्त नहीं करता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया है कि पति-पत्नी के बीच हुआ ऐसा समझौता, जिसमें पत्नी भविष्य में गुजारा भत्ता (मेंटेनेंस) का अधिकार छोड़ देती है, सार्वजनिक नीति के खिलाफ है और इससे उसका कानूनी अधिकार समाप्त नहीं होता। अदालत ने कहा कि ऐसी शर्तें पत्नी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता मांगने से नहीं रोक सकतीं। यह टिप्पणी जस्टिस जस्टिस शालिनी सिंह नागपाल की एकल पीठ ने एक पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए की। याचिका में पति ने पंचकूला की फैमिली कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें पत्नी को आवेदन की तिथि से 6,000 प्रतिमाह गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया गया था। पति का तर्क था कि दोनों पक्षों के बीच पहले ही समझौता हो चुका है, जिसके तहत पत्नी को 60,000 एकमुश्त राशि दी गई थी, जिसमें उसके भूत, वर्तमान और भविष्य के गुजारा भत्ता का निपटारा शामिल था। पति ने यह भी कहा कि पत्नी एक सक्षम महिला है और निजी तौर पर काम करके अपना गुजारा कर सकती है, जबकि उसकी खुद की आय मात्र 10,000 प्रतिमाह है। वहीं, पत्नी ने स्वीकार किया कि वह पहले घरेलू कामगार के रूप में कार्य करती थी, लेकिन उसकी आय कम थी। अदालत ने इस तर्क को स्वीकार करते हुए कहा कि केवल जीवित रहने के लिए किया गया श्रम किसी महिला को गुजारा भत्ता के अधिकार से वंचित नहीं कर सकता।

### फालतू याचिकाओं पर सख्ती, हाईकोर्ट ने निर्माण कंपनी पर लगाया तीन लाख रुपये का जुर्माना

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग पर कड़ा रुख अपनाते हुए एक निजी निर्माण कंपनी पर तीन लाख का जुर्माना लगाया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि अब समय आ गया है जब केवल सरकारी अधिकारियों पर ही नहीं, बल्कि निराधार और फालतू याचिकाएं दायर करने वाले निजी पक्षकारों पर भी सख्त कार्रवाई की जाए। यह आदेश जस्टिस सुदीप्ति शर्मा की पीठ ने एम/एस वी के कंस्ट्रक्शन द्वारा दायर अवमानना याचिका को खारिज करते हुए सुनाया। कंपनी ने आरोप लगाया था कि रोहतक-बावल राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना का कार्य पूरा करने के बावजूद उसके बिलों का भुगतान नहीं किया गया। हालांकि सुनवाई के दौरान अदालत ने पाया कि यह याचिका उसी मामले में दूसरी अवमानना याचिका है। इससे पहले 2023 के आदेश के अनुपालन न होने पर एक अवमानना याचिका दायर की गई थी, जिसे मई 2025 में यह कहते हुए निपटा दिया गया था कि संबंधित प्राधिकरण ने याचिकाकर्ता की शिकायत पर निर्णय ले लिया है। इसके बावजूद फिर याचिका लगाई गई। अदालत ने कहा कि यह न्यायिक प्रक्रिया का “स्पष्ट दुरुपयोग” है।



# नए साल में नई आशा: एक भारत की भावना

मुझे अत्यंत हर्ष है कि मैं भारत और विश्वभर के सभी लोगों को बैसाखी, रोंगाली बिहू, महा बिषुबा पना संक्रांति, पोइला बोइशाख, विषु और तमिल पुथांडु के अवसर पर अपनी पारंपरिक नववर्ष की शुभकामनाएँ देता हूं, जो 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को दर्शाते हैं।



सीपी राधाकृष्णन

ये सभी शुभ अवसर सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आएं।

चिथिरई का महीना कृषि की तैयारियों का समय होता है। किसान अपनी ज़मीन को उपजाऊ बनाने के लिए उस पर काम करना शुरू कर देते हैं। चूंकि हमारे लोग मानते हैं कि मेहनत से ही प्रगति होती है, इसलिए वे श्रम की शुरुआत का जश्न मनाते हैं। पूरे देश में, हमें इसी तरह के उत्सव देखने को मिलते हैं, जो भारत में एकता और साझा संस्कृति के उदाहरण हैं। उत्तर भारत में, विशेषकर पंजाब में, लोग बैसाखी को फसल उत्सव के रूप में मनाते हैं। दक्षिण में, केरल में विशु मनाया जाता है, जहां शुभ वस्तुओं (कानी) को देखना एक महत्वपूर्ण रिवाज है। असम में लोग बिहू मनाते हैं, जबकि पश्चिम बंगाल में पोइला बोइशाख को उत्साहपूर्वक मनाया जाता है।

इसी प्रकार मणिपुर, त्रिपुरा, ओडिशा, बिहार, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में भी लोग इस अवधि को विभिन्न पारंपरिक रूपों में नववर्ष के रूप में मनाते हैं। उत्तराखंड के हरिद्वार में देशभर से श्रद्धालु गंगा में पवित्र स्नान करने के लिए एकत्र होते हैं, जो इस अवसर की पवित्रता को दर्शाता है।

तेलुगु भाषी लोगों ने हाल ही में अपना नववर्ष उगादी के रूप में मनाया, जबकि मराठी और कोंकणी समुदाय अपना नववर्ष गुड़ी पड़वा के रूप में मनाते हैं। हम एक प्राचीन सभ्यता से संबंधित हैं, जिसका प्रमाण हमारे पूर्वजों के वैज्ञानिक ज्ञान से मिलता है। ब्रह्मांड के प्रति उनकी सटीक समझ इन नववर्ष उत्सवों में झलकती है। इसी प्रकार, तमिल नववर्ष एक अत्यंत विशेष अवसर है, जो हमारे पूर्वजों की बुद्धिमत्ता का उत्सव मनाता है। यह एक ऐसा पर्व है जो परंपरा, परिवार, आध्यात्मिकता और अनुशासित जीवन शैली को एक साथ जोड़ता है। यह एक नई शुरुआत का संकेत देता है और हमें पिछले अनुभवों से सीख लेते हुए नई आशा के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। आज हम वैश्विक कैलेंडर का पालन करते हैं, लेकिन हमें अपने तमिल कैलेंडर को भी याद रखना चाहिए, जो अपनी विशेषता के कारण केवल दिनों और महीनों को ही नहीं, बल्कि वर्षों को भी नाम देता है। ऐसे कुल 60 वर्ष-नाम होते हैं, और इस वर्ष का नाम "पराभव" है, जो इस चक्र का 40वां वर्ष है।

'खगोल विज्ञान'शब्द की उत्पत्ति ग्रीक भाषा से हुई है, जिसका अर्थ है तारों के नियमों का अध्ययन। तमिल में इसे "वाणियल" कहा जाता है। हजारों वर्ष पहले ही तमिल विद्वानों ने यह समझ लिया था कि पृथ्वी गोल है और उन्होंने खगोलीय पिंडों की गति तथा उनके प्रभाव का अध्ययन किया था। प्राचीन तमिल साहित्य, जैसे कि पतिरुप्पट्टू, ब्रह्मांड की प्रकृति और गति का वर्णन करता है। श्लोकों में बताया गया है कि संसार पाँच तत्वों से बना है और आकाशीय शक्तियों से शासित है। सिरुपनरुप्पदई जैसी अन्य रचनाएं ग्रहों की गति का उल्लेख करती हैं।

संगम साहित्य में ग्रहों और तारों के संदर्भ मिलते हैं। उदाहरण के लिए, पुराणनुरु में शनि को काला (मैम्मीन) बताया गया है। आकाशीय प्रभावों के अध्ययन की परंपरा "कनियान" कहलाने वाले विद्वानों से जुड़ी थी। माना जाता है कि कवि कनियान पूंगुंद्रनार ने अपना नाम इसी परंपरा से लिया है। यहां तक कि तोलकाप्पियम जैसे प्राचीन ग्रंथ भी ऐसे विद्वानों को "अरीवर" कहते हैं। 'अकनानुरु' जैसे साहित्य से पता चलता है कि विवाह जैसे शुभ आयोजन उचित तिथियों और समय का चुनाव करके संपन्न किए जाते थे।यह परंपरा आज भी तमिलनाडु में जारी है। चिथिरई के पहले दिन मंदिरों में पंचांग पढ़ा जाता है और लोग इसे सुनने के लिए एकत्रित होते हैं। पंचांग में पाँच तत्व होते हैं: वार (दिन), तिथि, करण, नक्षत्र और योग। इनके आधार पर वर्षा, कृषि और वर्ष से जुड़े अन्य पहलुओं के बारे में भविष्यवाणी की जाती है। हमारे पूर्वज समय को मापने के लिए सौर और चंद्र दोनों प्रणालियों का उपयोग करते थे। आज आधुनिक विज्ञान उन्नत उपकरणों से ग्रहण की गणना करता है, लेकिन पहले भी इन घटनाओं का अध्ययन कर उन्हें सटीक रूप से बताया जाता था।

(लेखक भारत के उपराष्ट्रपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मार्केट न्यूज

## 'डकैत' में जहां संघर्ष का सफर, वहीं 'डा. ऑर्थो' के साथ हर कदम का ख्याल

### फिल्म 'डकैत' और 'डा. ऑर्थो एक्यूप्रेशर स्लीपर और शूज के बीच हुआ करार




चंडीगढ़। फिल्म डकैत शनील देव के निर्देशन में बनी रोमांटिक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। जिसमें अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म की प्रमोशन के दौरान अदिवि और मृणाल कहते हैं कि चाहे कितने ही मुश्किल रास्तों पर चलना हो, मजबूत कदमों से हर जंग जीती जा सकती है, और ऐसे मजबूत कदमों के लिए आपको चाहिए डा. ऑर्थो एक्यूप्रेशर स्लीपर और शूज। जो आपको हर पल देते हैं एक नई ऊर्जा, मजबूती और दर्द से पूरी आजादी। डा. ऑर्थो, अब दर्द भी घुटने टेकेगा। वहीं, फिल्म डकैत की सफलता की कामना करते हुए एंटरप्रेन्योर और इन्वेस्टर डा. संजीव जुनेजा ने कहा कि जैसे फिल्म का नायक हालात के आगे झुकने के बजाय मजबूती से खड़ा होता है, उसी तरह डा. ऑर्थो एक्यूप्रेशर स्लीपर और शूज सभी के पैरों का पूरा ख्याल रखते हैं। इस दौरान दिविसा हर्बल कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि हमारा प्रोडक्ट डा. ऑर्थो एक्यूप्रेशर स्लीपर और शूज पैरों का पूरा ध्यान रखते हुए आराम देते हैं और यह लोगों की उम्मीदों पर खरे उतरे हैं। उन्होंने बताया कि आज भारतवर्ष में लगभग हर घर में डा. ऑर्थो का कोई न कोई प्रोडक्ट अवश्य मौजूद है, जोकि उनके लिए गर्व की बात है।

### भूचाल से सेंसेक्स खुलते ही 1600 अंक तक लुढ़का

# अमेरिका-ईरान वार्ता विफल होने से सेंसेक्स 703 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में बंद

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 703 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 208 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिका और ईरान के बीच समझौते के लिए बातचीत विफल होने के साथ संघर्ष लंबे समय तक जारी रहने की चिंता में कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 702.68 अंक यानी 0.91 प्रतिशत टूटकर 76,847.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,681.93 अंक लुढ़क कर 75,868.32 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी भी 207.95 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,842.65 अंक पर बंद हुआ।

**संघर्ष जारी रहने की चिंता में कच्चे तेल के दाम बढ़े**

**पिछले सप्ताह बाजार को युद्धविराम से सीमित समर्थन मिल**

**कच्चा तेल बढ़कर 102.6 डॉलर प्रति बैरल हो गया**

### वार्ता विफल होने से कच्चे तेल में उछाल

हालांकि, वार्ता विफल होने से कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गयी है।" नायर ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें मुद्रास्फीति, मुद्रा स्थिरता और वृहद आर्थिक संतुलन को लेकर चिंताएं बढ़ा रही हैं, जिससे कुल मिलाकर बाजार धारणा पर दबाव पड़ रहा है।




### गिरावट पर खरीदारी देखने को मिल रही

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजारों को पिछले सप्ताह के युद्धविराम समझौते से सीमित समर्थन मिल रहा है। चुनिंदा लिवाली के साथ-साथ गिरावट पर खरीदारी देखने को मिल रही है। अमेरिका-ईरान वार्ता के विफल होने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी की घोषणा पर शुरुआती नकारात्मक प्रतिक्रिया के बावजूद यह देखने को मिल रहा है।

### वैश्विक तनाव बढ़ने से बाजार लुढ़के

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''अमेरिका-ईरान वार्ता विफल होने के बाद बढ़ते वैश्विक तनाव के कारण शेयर बाजार में गिरावट देखी गई। इससे कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया और वैश्विक बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।''

#### एनटीपीसी व एक्सिस बैंक रहे लाभ में

सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाली शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक शामिल हैं।

#### युद्धविराम का भविष्य हुआ अनिश्चित

अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में हुई ऐतिहासिक 21 घंटे की वार्ता का कोई नतीजा नहीं निकला। इससे दो सप्ताह के युद्धविराम का भविष्य अनिश्चित हो गया है। इसके साथ वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 7.73 प्रतिशत बढ़कर 102.6 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### एशिया के बाजार में रही गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की 225 और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट मामूली बढ़त में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।

### सूचीबद्ध 2573 शेयर रहे नुकसान में

बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 2,573 में गिरावट आई जबकि 1,790 लाभ में रहे। वहीं 201 के भाव अपरिवर्तित रहे।शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 672.09 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स शुक्रवार को 918.60 अंक बढ़कर 77,550.25 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 275.50 अंक चढ़कर 24,050.60 अंक पर रहा था।


**राजकीय उच्च विद्यालय सुधराना (2632) जिला रेवाड़ी**

**शुद्धिपत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है जिला रेवाड़ी के खंड नाहड़ के गांव सुधराना के राजकीय उच्च विद्यालय की सार्वजनिक सूचना के माध्यम से जर्जर भवन की नीलामी 17.04.2026 होनी है जो केवल राजकीय उच्च विद्यालय सुधराना की होगी। निवेदक में भवन नीलामी कमेटी की जगह एसएमसी कमेटी राजकीय उच्च विद्यालय, सुधराना पढ़ा जाये। बाकी शर्तें पहले वाली रहेंगी।

**निवेदक - एसएमसी समिति जीएचएस सुधारना 9466023010, 9813990900**



**GOVT. PRIMARY SCHOOL, MIMARPUR (17782), GANAUR, SONEPAT**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला मीमारपुर (17782) (यूडाइस कोड (06080800801) में कुक की पोस्ट (1) खाली हैं। जो भी (औरत) कुक का कार्य करने की इच्छुक है वह अपना फार्म स्कूल मुखिया के पास जमा कराए। जो भी इस फार्म के अनुसार शर्तों को पूरा करेगा, वह योग्य होगा।

हस्ता/-
Head Teacher,
G.P.S. Mimarpur Ganaur, Sonipat (HR)



**भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान तिरुपति**
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत राष्ट्रीय महत्व का एक स्वायत्त संस्थान)

**आईआईएसईआर तिरुपति में संकाय पदों पर भर्ती**

आईआईएसईआर तिरुपति भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है, जिसमें भारतीय मूल के पात्र व्यक्ति (पीआईओ), भारत के प्रवासी नागरिक (ओसीआई) और अनिवासी भारतीय (एनआरआई) शामिल हैं, जिनके पास नियमित आधार पर विभिन्न विषयों में संकाय पदों के लिए उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड और प्रासंगिक कार्य अनुभव है।
विस्तृत विज्ञापन के लिए, कृपया www.iisertirupati.ac.in >>Careers>>Faculty पर जाएं।
ऑनलाइन आवेदन आरंभ होने की तिथि: 13 अप्रैल, 2026
ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28 मई, 2026 को 17.00 बजे है।
विज्ञापन संख्या 22/2026/आईआईएसईआर-टी/रेक्ट. / 13.04.2026

हस्ता./-
निदेशक

cbc21377/12/0004/2627



**टैण्डर नोटिस**

खेल विभाग, हरियाणा द्वारा सर छोटूराम स्टेडियम, रोहतक में चलाई जा रही लड़कियों की आवासीय कुश्ती खेल अकैडमी के खिलाड़ियों को 500/- रूपये प्रतिदिन प्रति खिलाड़ी की दर से भोजन उपलब्ध करवाने हेतु टैण्डर दिया जाना है। अतः अकैडमी के खिलाड़ियों को खाना देने से सम्बन्धित इच्छुक फर्म/एन०जी०ओ० अपने मीनू अनुसार दर कुटेशनें बन्द लिफाफे में दिनांक 20.04.2026 तक जिला खेल कार्यालय, सर छोटूराम स्टेडियम, रोहतक में जमा करवा सकते हैं। खाने का टैण्डर सम्बन्धित फर्मों द्वारा उपलब्ध करवाये जाने वाले मीनू के आधार पर दिया जायेगा तथा रोहतक की लोकल फर्मों को टैण्डर देने में वरियता प्रदान की जायेगी। टैण्डर प्रदान करने के सम्बन्ध में अंतिम निर्णय जिला खेल कार्यालय, रोहतक द्वारा गठित कमेटी द्वारा लिया जायेगा।

हस्ता/- जिला खेल अधिकारी, रोहतक।
Sd/- Distt. Sports Officer Rohtak



**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Sachin Singhal
Civil Judge (Junior Division), Hisar
Shyam Lal Vs. Suman
CNR No. HRHS02-002290-2024
Next Date:- 04-05-2026

Suit for declaration to the effect that the plaintiff is sole and exclusive owner of house no. 82 total measuring 78.3 sq. yards bounded and measured as follow east 27.11 house of dev raj, west 28.75 house of som nath, north 25 house of smt. usha dhamiza, south 25 street situated at sant nagar hsiar, that the defendant no. 1 in collusion with other defendants has fraudulently obtained the registered sale deed no. 5036 dt. 20.08.2024 in her name by causing criminal breach of trust and active concealment of facts-with consequential relief of mandatory injunction directing the defendants to make the sale deed in favour of the plaintiff, deliver all the original title deeds to him and also get the necessary entries made to this effect in the official record--- on the basis of evidence, documentary and oral of every kind.

PUBLICATION ISSUED TO:
Smt. Versha W/o Bishamber Dayal :-
H. No. 617, Molviyan Mohalla, Near Bus Stand, Hisar

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 04-05-2026 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Hisar

Sd/- Civil Judge
(Junior Division) Hisar
Dated, this day of 26-03-2026



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है :–

| कार्य का नाम | "500 KVA 750V अल्टरनेटर का कार्य और अन्य संबंधित कार्य। | | |
|---|---|---|---|
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 06.05.2026 प्रातः 11:30 बजे | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 13.04.2026 |
| पूर्व–बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 23005868.83/– सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप |
| अग्रिम धन | रु. 460100/– | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | Nil (अप्रैल 2022 के भाग–I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 24 माह |
| बोली आरंभ तिथि | 22.04.2026 | बोली समाप्ति तिथि | 06.05.2026 प्रातः 11:30 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

56/W/इलेक्ट./25–26/T/26/ALT

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1245/26



**POSITRON HOSPITAL**
(A unit of MK Super Specialty Hospital Pvt. Ltd.)
Sector-35, Suncity, Rohtak, Haryana-124001.
M.8571081699, 0120-663000

**सूचना**

आप सभी को सूचित किया जाता है कि जिन मरीजों ने 'पॉजिट्रॉन सुपर स्पेशियलिटी और कैंसर अस्पताल, रोहतक' में 31 मार्च-2023 तक भर्ती होकर अपना या अपने परिवार के सदस्य का इलाज कराया है उनके मेडिकल आई.पी.डी. रिकॉर्ड/ओ पी डी को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र के तहत (F.No.A.12034/3/2014-MH-II-MH-I) नष्ट किया जा रहा है। इसके अलावा 31 मार्च - 2023 से पूर्व के CT, MRI Records/ सीटी एमआरआई रिकॉर्ड साथ USG (ULTRASOUND/ अल्ट्रासाउंड) Register रिकॉर्ड को भी नष्ट किया जा रहा है। इस सूचना/इश्तिहार के 30 दिन के बाद रिकार्ड उपलब्ध नहीं होंगे। अतः आप कोई भी दावा अस्पताल पर नहीं कर सकेंगे।

अगर किसी को कोई रिकार्ड चाहिए तो कृपया अस्पताल प्रशासन के मेडिकल रिकॉर्ड विभाग (दूसरी मंजिल/Second Floor) में मरीज काआई.पी.डी. नंबर और अपना पहचान पत्र के साथ इस सुचना/इश्तिहार के 30 दिन के भीतर संपर्क करें।

**नोट:** कृपया अगर कोई रिकाड्र्स सम्बंधित जानकारी लेने आये तो मरीज के दाखिले व छुट्टी की तारीख औरआई.पी.डी. नंबर के साथ आयें।

Sd/- Auth.Sign
Sd/-Medical Director (मेडिकल डायरेक्टर)


## एयर इंडिया का पहला नवीनीकृत बोइंग 787–8 विमान दिल्ली पहुंचा

**मुंबई (भाषा)।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया का पहला नवीनीकृत चौड़े आकार वाला बोइंग 787-8 विमान सोमवार रात दिल्ली पहुंच गया। एयरलाइन ने तीन साल पहले चौड़े आकार वाले विमानों के अपने बेड़े के व्यापक नवीनीकरण के लिए 40 करोड़ डॉलर के निवेश की घोषणा की थी। एयरलाइन ने कहा कि वीटी-एएनटी पंजीकरण वाला यह विमान अमेरिका के सैन बर्नार्डिनो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगातार उड़ान भरते हुए रात 10 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा।

## चांदी 1,800 रुपये टूटी और सोना 300 रुपये कमजोर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमतें 1,800 रुपये घटकर 2.45 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना घटकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी शुक्रवार के 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 1,800 रुपये या लगभग एक प्रतिशत घटकर 2,45,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 300 रुपये घटकर 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,55,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।



एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''सप्ताहांत में अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम पर बातचीत बेनतीजा रहने के बाद सोमवार को बहुमूल्य धातु के दाम नीचे खुले।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### पिरोजशा होंगे गोदरेज ग्रुप के चेयरपर्सन

**मुंबई।** गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप ने सोमवार को नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा की। इसके तहत पिरोजशा गोदरेज इस वर्ष अगस्त में नादिर गोदरेज से समूह के चेयरमैन का पदभार ग्रहण करेंगे। नादिर गोदरेज नियोजित पीढ़ीगत उत्तराधिकार के तहत मानद अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे। समूह में नेतृत्व स्तर पर अन्य बदलाव भी किये गये हैं। पिरोजशा ने कहा, ''यह क्षण जिम्मेदारी और सौभाग्य दोनों का है।

### बिना सुरक्षा उपाय एआई कमजोरियों को बढ़ाएगा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा है कि सुरक्षा उपायों के बिना कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाने से वित्तीय क्षेत्र में मौजूदा कमजोरियां बढ़ सकती हैं और नई समस्याएं पैदा हो सकती हैं। तंजावुर स्थित एसएसएसटीआरए विश्वविद्यालय में वी नारायणन स्मृति व्याख्यानमाला में कृत्रिम मेधा वित्तीय संस्थानों के ग्राहकों को सेवा देने, दस्तावेजों को प्रसंस्कृत करने के तरीकों को नया रूप दे रही है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | ईएनआईटी नं. 01 – 765 केवी पीजीसीआईएल भिवानी से प्रस्तावित 220 केवी एआईएस सब स्टेशन कलानौर तक (लगभग 35 कि.मी.) डी/सी लैट्टीस टावर्स / मल्टी सर्किट टावर्स/मोनोपोल्स/केबल /जैसा भी मामला हो, पर ट्विन एसीएसआर मूज कंडक्टर सहित 220 केवी डी/सी लाइन की रचना के लिए सर्वे चार्जेज। | 10.04.2026 17.04.2026 | 4,18,760/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/60/44648/I/88/6 दि. 13.04.26


## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान–सम्मान मिलेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई–बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान–सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6195




**बाएँ से दाए**
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

### शब्द पहेली - 6194 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ | स | ह | यो | ग | | अ | दा | व | त |
| र | क्स | | रा | | ग | रु | ड़ | | न | र |
| ख | | स | ना | त | न | | ना | म | | क |
| र | फ्ता | र | | | चुं | गी | | त | म | स |
| खा | | मा | | चा | बी | | सी | | ही | |
| व | ल | या | का | र | | प | रा | या | प | न |
| | क | | या | | का | ल | | द | | क |
| द | वा | त | | भ | ला | | | गा | य | ब |
| र | | र | ज | | बा | जी | ग | र | | ज |
| क | र | | ल | ह | जा | | जं | | खा | न |
| ना | जा | य | ज | | र | घु | ना | य | क | |



## बंगाल चुनाव को लेकर शाह ने बीरभूम और ममता ने सूरी में भरी हुंकार, कसे तंज

# तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल के 5000 करोड़ गायब किए : शाह

एजेंसी ▸▸| बीरभूम

बंगाल चुनाव को लेकर सभी दल अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। भाजपा और तृणमूल कांग्रेस भी रैलियों में एक-दूसरे पर तंज कर रहे हैं। उधर पश्चिम बंगाल के बीरभूम में सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी जनसभा में ममता पर जमकर निशाना साधा। शाह ने कहा कि ममता दीदी कहती हैं कि महिलाओं को शाम 7 बजे के बाद घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। उन्हें शर्म आनी चाहिए। हमारी सरकार आएगी तो बच्चियां रात 1 बजे भी बाहर निकल पाएंगी। टीएमसी सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कैश फॉर क्वेरी, 26 हजार शिक्षकों की भर्ती, गाय तस्करी और पीएम आवास में टीएमसी ने घोटाले किए। इन घोटालों में बंगाल की जनता के 5000 करोड़ रुपये गायब हो गए। हमारी सरकार बनते ही हम टीएमसी से पाई-पाई का हिसाब लेंगे। यूसीसी (समान नागरिक संहिता) पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हम बंगाल में यूसीसी लाएंगे। आज बंगाल में कुछ लोग चार शादियां करते हैं, हमारे कानून बनने के बाद वे ऐसा नहीं कर पाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि टीएमसी ने बीएसएफ की फेंसिंग के लिए जमीन नहीं दी। हमारी सरकार बनते ही बीएसएफ को राज्य की सीमा पर फेंसिंग के लिए जमीन दे दी जाएगी। बीरभूम ममता बनर्जी का मजबूत गढ़ माना जाता है। 2021 में बीरभूम जिले की 11 में से 10 सीटों पर टीएमसी ने जीती थी। भाजपा ने पिछले कुछ सालों में यहां अपना जनाधार बढ़ाया है।



बीरभूम को ममता बनर्जी का मजबूत गढ़ माना जाता है

## केंद्र और 19 राज्य मेरे खिलाफ एकजुट हैं, मैं आम जनता के लिए अकेले लड़ रही



- दिल्ली से ताकत का उपयोग कर चुनाव नहीं जीत पाएगी
- चुनाव में तृणमूल 226 से अधिक सीटें हासिल करेगी

**सूरी/गलसी (पश्चिम बंगाल) (भाषा)।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि केंद्र सरकार और 19 राज्य उनके खिलाफ एकजुट हो गए हैं और वह अकेले ही आम जनता के लिए संघर्ष कर रही हैं ।भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की देश के 19 राज्यों में सरकार है। बीरभूम जिले के सूरी में एक रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने कहा कि भाजपा दिल्ली से ताकत का उपयोग करके पश्चिम बंगाल चुनाव नहीं जीत पाएगी। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस 226 से अधिक सीटें हासिल करेगी। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण युवाओं को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है। वे (भाजपा) पैसे बांट रहे हैं...

## भाजपा का मतलब है हिरासतः अभिषेक



**कोलकाता (भाषा)।** तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा की नीतियां हिरासत और नुकसान को बढ़ावा देती हैं, जबकि उनकी पार्टी सुरक्षा और कल्याण के लिए खड़ी है। नदिया के करीमपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने भाजपा पर मतदाताओं में भय पैदा करने और विशेष गहन पुनरीक्षण जैसी कवायद के माध्यम से उन्हें उनके लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

## अब तक तमिलनाडु में नहीं हुई कांग्रेस की एंट्री

**चेन्नई।** तमिलनाडु में चुनाव के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है। अब राजनीतिक दलों के पास प्रचार के लिए सिर्फ 9 दिन ही बाकी है। ऐसे में सभी दल पूरी ताकत के साथ रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। सभी चुनाव में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। इस चुनाव में डीएमके का कांग्रेस के साथ गठबंधन है। लेकिन इस गठबंधन पर अब सवाल उठ रहे हैं।



# मैं गृहस्थ जीवन में नहीं लेकिन जानता सब हूं

- विज्ञान भवन में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री
- नया इतिहास रचने वाली है भारतीय संसद : मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वित्तीय सशक्तीकरण ने महिलाओं को परिवार में अधिक अधिकार दिये हैं, जिन्हें परंपरागत रूप से हाशिए पर रखा गया था। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में यह भी कहा कि भले ही वह 'गृहस्थ जीवन' में न हों, लेकिन इससे बखूबी अवगत हैं।

उन्होंने एक महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सभी इस बात से भलीभांति अवगत हैं कि भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उनकी आर्थिक भागीदारी बढ़ाना आवश्यक है, और इसलिए उनकी सरकार ने अपने द्वारा लिए गए प्रत्येक निर्णय और योजना में इस पहलू को ध्यान में रखा है। पहले पारिवारिक संपत्ति मुख्य रूप से पुरुषों के नाम पर होती थी। घर पुरुष के नाम पर होता था। खेती की जमीन, दुकान, कार पुरुष के नाम पर होती थी। यहां तक कि स्कूटर भी पुरुष के नाम पर होता था और इसे स्वाभाविक माना जाता था। पीएम आवास योजना के तहत, हमने घर की महिलाओं के नाम पर आवास के पंजीकरण को प्राथमिकता देना शुरू किया।" मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में 3 करोड़ से अधिक महिलाओं को इस पहल से लाभ हुआ है।

# महिला आरक्षण नहीं, परिसीमन ही असली मुद्दाः सोनिया गांधी

- बोलीं- चुनाव प्रचार के बीच विशेष सत्र की क्या जरूरत
- उत्तर और दक्षिण के बीच दरार डालने की कोशिश परिसीमन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने सोमवार को महिला आरक्षण को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। उन्होंने एक (अखबार) में लिखा कि पीएम विपक्षी दलों से उन बिलों का समर्थन करने की अपील कर रहे हैं, जिन्हें सरकार संसद के विशेष सत्र में जबरदस्ती पास कराना चाहती है। उन्होंने लिखा कि यह सब तब हो रहा है जब तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार अपने चरम पर है। इस जल्दबाजी का सिर्फ एक ही मकसद राजनीतिक फायदा उठाना है। सरकार ने 2023 में ही 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को संसद में पास कर लिया था, लेकिन इसे अगली जनगणना और उसके बाद होने वाले परिसीमन के बाद ही लागू करने की शर्त रखी गई। उधर कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार की ओर से प्रस्तावित परिसीमन की प्रक्रिया जाति जनगणना नहीं कराने तथा उत्तर एवं दक्षिण भारत के बीच दरार पैदा करने की कोशिश है।



### 3 पार्टियों का व्हिप जारी

विशेष सत्र के लिए कांग्रेस, भाजपा और जेडीयू ने व्हिप जारी कर 16 से 18 अप्रैल तक अपने सभी सांसदों को संसद में मौजूद रहने को कहा है। भाजपा ने लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसदों को 3 लाइन का व्हिप जारी किया था, जबकि कांग्रेस और जेडीयू ने सोमवार को व्हिप जारी किया।

## कर्नाटक कांग्रेस के 30 विधायक दिल्ली पहुंचे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक कांग्रेस के 30 विधायक मंत्रिमंडल में फेरबदल की मांग को लेकर दिल्ली पहुंचे हैं। उनकी मांग है कि जिन विधायकों को अब तक मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है, उन्हें अवसर दिया जाए। विधायक पार्टी आलाकमान से मुलाकात कर अपनी मांग रखेंगे। डीके शिवकुमार ने मंत्रिमंडल में फेरबदल की पैरवी के लिए नयी दिल्ली की यात्रा करने वाले कांग्रेस विधायकों से पार्टी अनुशासन बनाए रखने का सोमवार को आग्रह किया।

## पवन खेड़ा के खिलाफ सुको पहुंची असम सरकार

**नई दिल्ली।** असम सरकार ने सोमवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को तेलंगाना हाई कोर्ट से मिली ट्रांजिट अग्रिम जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। असम पुलिस ने पवन खेड़ा के खिलाफ आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। असम पुलिस ने गुवाहाटी में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के खिलाफ राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा की शिकायतों के आधार पर एफआईआर दर्ज की है।

### न्यायिक अधिकारियों का घेराव मामला

## एनआईए ने दो कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार किया

**सुको ने कहा-एनआईए गिरफ्तार लोगों की पृष्ठभूमि बताए**

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के विरोध में स्थानीय लोगों द्वारा न्यायिक अधिकारियों के घेराव के मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने सोमवार को कांग्रेस के दो नेताओं को गिरफ्तार किया, जबकि पार्टी के मोथाबाड़ी उम्मीदवार को रातभर पूछताछ के बाद छोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि दो नेता आसिफ शेख और शहादत हुसैन को गिरफ्तार किया गया। वे कांग्रेस उम्मीदवार सायम चौधरी के सहयोगी हैं। उधार, उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को स्पष्ट किया कि न्यायिक अधिकारियों को प्रदान की गई सुरक्षा राज्य में विस चुनाव संपन्न होने तक बरकरार रहेगी। पीठ ने जानना चाहा कि न्यायिक अधिकारियों के घेराव की घटना के संबंध में एनआईए द्वारा गिरफ्तार लोगों की राजनीतिक पृष्ठभूमि है।

# पतंजलि अनुसंधान संस्थान लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

**हरिद्वार।** वैज्ञानिक उत्कृष्टता और नवाचार की अपनी निरंतर यात्रा को आगे बढ़ाते हुए, पतंजलि अनुसंधान संस्थान ने एक बार पुनः राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। संस्थान को डॉ. पी.डी. सेठी नेशनल एचपीटीएलसी पुरस्कार 2025 में प्राइवेट इंडस्ट्री कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पिछले वर्ष भी संस्थान को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ था। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार संस्थान को उनके आंवला के बीज तेल पर किए गए उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए मिला, जिसमें इसके शक्तिशाली एंटी-माइक्रोबियल और बायोफिल्म-रोधी गुणों को उजागर किया गया है। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह पुरस्कार मात्र एक सम्मान नहीं, पतंजलि के वैज्ञानिकों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और वैज्ञानिक सोच का परिणाम है। आगे उन्होंने कहा की यह हर उस वैज्ञानिक के समर्पण की जीत है जो प्रतिदिन विश्व को एक सुगम, सुरक्षित और प्रभावी समाधान प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने बताया कि डॉ. पीडी सेठी नेशनल एचपीटीएलसी पुरस्कार, देश में एनालिटिकल केमिस्ट्री के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध को पहचान देने वाला एक प्रतिष्ठित मंच है। इस मंच पर लगातार दूसरी बार पुरस्कार प्राप्त करना संस्थान के लिए गर्व का विषय है, और यह संस्थान की सुदृढ़ वैज्ञानिक आधारशिला को दर्शाता है।



**यह पुरस्कार मात्र एक सम्मान नहीं, पतंजलि के वैज्ञानिकों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और वैज्ञानिक सोच का परिणाम : आचार्य बालकृष्ण**



## चिंतन

# कम पानी वाली फसलों को दी जाए प्राथमिकता

मौसम के बदलते मिजाज ने एक बार फिर दकृषि व्यवस्था के सामने कठिन सवाल खड़े कर दिए हैं। निजी एजेंसी स्काईमैट वेदर के बाद अब सरकारी संस्था भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भी इस साल मानसून के सामान्य से कम रहने की आशंका जताई है। स्काईमैट जहां 6% और आईएमडी 8% तक कम बारिश का अनुमान दिया है। यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, इसके पीछे छिपी है ग्रामीण भारत की आजीविका, खाद्य सुरक्षा और महंगाई की संभावित मार। तीन साल बाद पहली बार ऐसी स्थिति बन रही है जब बारिश औसत से कम रह सकती है। इसका सीधा असर हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे कृषि प्रधान राज्यों पर पड़ेगा जहां खेती केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। पिछले वर्ष 2025 में देश ने सामान्य से अधिक वर्षा देखी, लेकिन वह भी राहत नहीं दे सकी। कई क्षेत्रों में अत्यधिक बारिश ने फसलों को बर्बाद कर दिया, खेतों में जलभराव से फसलें गल गईं। अगली फसल के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। यानी समस्या केवल 'कम' या 'ज्यादा' बारिश की नहीं, बल्कि 'असंतुलित' बारिश की है। कुल मिलाकर आने वाला समय खाड़ी युद्ध के बीच आर्थिक और सामाजिक तौर पर चुनौती पेश करने वाला होगा। इस बार कम बारिश के हालात देखते हुए सरकार को पहले से ही तैयार रहना होगा और किसानों को कम पानी वाली उन्नत फसलों को बढ़ावा देने के लिए जागरूक करना होगा। इसके लिए अभी से प्रयास करने होंगे, ताकि समय रहते किसानों को प्रेरित और जागरूक किया जा सके। सरकार फसलों के विविधिकरण के लिए भी अनुदान बढ़ाए और किसानों को उन्नत बीज सस्ते दामों पर उपलब्ध करवाकर राहत प्रदान करे। यही वह समय है जब कृषि नीति में निर्णायक बदलाव की जरूरत है। कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों जैसे बाजरा, ज्वार, दालें और तिलहन को प्राथमिकता देनी होगी। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए सीधे आर्थिक प्रोत्साहन जैसे अधिक अनुदान, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी और उन्नत बीजों की सुलभ उपलब्धता देनी होगी। जब तक किसान को यह भरोसा नहीं होगा कि कम पानी वाली फसलें भी उसे समान या बेहतर आय देंगी, तब तक बदलाव संभव नहीं। हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों में धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता बन चुका है। यह बदलाव जितनी जल्दी होगा, उतना ही देश के जल संसाधनों और कृषि अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर होगा। मनरेगा जैसी योजनाओं का भी इस संदर्भ में बेहतर उपयोग किया जा सकता है। गांवों में तालाब, चेक डैम और वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण कर सिंचाई क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। इससे न केवल खेती को सहारा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से भी राहत मिलेगी। इसके अलावा, आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई को बड़े पैमाने पर अपनाने की जरूरत है। 'हर बूंद से अधिक फसल' का नारा तभी सार्थक होगा, जब इसे जमीनी स्तर पर लागू किया जाए। कमजोर मानसून का असर केवल खेतों तक सीमित नहीं रहता। यह ग्रामीण मांग को प्रभावित करता है, जिससे पूरे देश की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है। खाद्य उत्पादन घटने पर महंगाई बढ़ती है, जिसका बोझ हर नागरिक को उठाना पड़ता है। इसलिए यह मुद्दा केवल किसानों का नहीं, बल्कि पूरे देश का है। कम पानी वाली फसलों को प्राथमिकता देना विकल्प नहीं, बल्कि भविष्य की जरूरत है।



**जयंती विशेष**
शिवप्रकाश

# बाबा साहेब : दो युग-एक दृष्टि

> बाबा साहेब आंबेडकर ने 20 जुलाई 1942 को नागपुर में दलित महिला अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था, "किसी समाज की प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जाता है कि उस समाज में महिलाओं की प्रगति कितनी है।" 1927 में तथाकथित अस्पृश्यसमाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा था कि जिस प्रकार गृहस्थी की समस्याएं पति-पत्नी मिलकर सुलझाते हैं, वैसे ही समाज की समस्याएं भी स्त्री-पुरुषों को मिलकर सुलझानी चाहिए। आप पुरुषों की जन्मदाता हैं। भूमिहीन कृषकों को भूमि दिलाने के लिए किए गए बाबा साहेब के आंदोलन में शांति बाई दाणी, गीता बाई गायकवाड़ तथा मीनल के योगदान को भुलाना भी असंभव है।

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को उत्साह के साथ मना रहा है। बाबा साहेब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। अस्पृश्यता के विरोध में आन्दोलन, संविधान निर्माता, श्रम नीति कर निर्माण, विधि व्यवस्था एवं नारी शक्ति के सशक्तिकरण में उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। लोकतंत्र एवं संविधान के प्रति वह सदैव समर्पित थे। अपने देश की समस्त समस्याओं का समाधान लोकतांत्रिक पद्धति से संविधान द्वारा ही खोजने का आग्रह उन्होंने किया था। स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता के वह सदैव पक्षधर थे । 25 दिसंबर 1952 में बोलते हुए उन्होंने कहा था कि "आज के युग में संपत्ति ही आजादी का अधिकार है। जब तक महिलाओं को संपत्ति में वारिस नहीं माना जाता, तब तक उनकी गुलामी खत्म होने वाली नहीं है।" जिस समय देश बाबा साहेब की जयंती मना रहा है उसी के निकटवर्ती समय में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं लोकतंत्र में 33% भागीदारी के लिए संसद विशेष सत्र बुलाकर "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" के प्रस्ताव को पारित करने की ओर अपने ऐतिहासिक कदम बढ़ा रही है । ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जीएवं उन सदृश महापुरुषों के सपनों एवं संकल्पों को ही पूर्ण कर रहे हैं ।

भारतीय चिंतन में स्त्री-पुरुष को अलग-अलग देखना यह दृष्टि नहीं रही है। दोनों में एक ही तत्व है । केवल भौतिक शरीर रचना में अंतर दिखाई देता है । इस दृष्टि को समाज में स्थायी बनाने के लिए हमारे ऋषि मुनियों ने स्त्री को आदिशक्ति, अर्धनारीशवर आदि के माध्यम से स्थापित किया था। स्त्री के प्रति सम्मान का भाव "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः" जैसे अनेक वेदमन्त्रो में उदभाषित होता है। वेद में वर्णित अनेक ऋषिकाओं जैसे मैत्रीयी, अपाला, लोपामुद्रा, गार्गी, अदिति आदिने शिक्षा में अपना योगदान दिया। सुशासन एवं समाज सुधार की प्रतीक अनेक महिला बनीं । स्वतंत्रता के आंदोलन में भी अपना योगदान देकर भारतीय महिलाओं ने अपना जीवन उत्सर्ग किया। जिससमय पश्चिमी जगत में स्त्री को वोट का अधिकार एवं समानता का अधिकार दें अथवा न दें, इस विषय पर विवाद चल रहा था, उस समय हमारे संविधान निर्माताओं ने पुरुषों के समान ही महिलाओं को समान मैत्रेयी अधिकार देकर अपने प्राचीन भारतीय दृष्टिकोण का पालन ही किया था। बाबा साहेब आंबेडकर ने 20 जुलाई 1942 को नागपुर में दलित महिला अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था कि, "किसी समाज की प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जाता है कि उस समाज में महिलाओं की प्रगति कितनी है।"1927 में तथाकथित अस्पृश्यसमाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा था कि जिस प्रकार गृहस्थी की समस्याएं पति-पत्नी मिलकर सुलझाते हैं, वैसे ही समाज की समस्याएं भी स्त्री-पुरुषों को मिलकर सुलझानी चाहिए। आप पुरुषों की जन्मदाता हैं।" बाबा साहेब द्वारा भूमिहीन कृषकों को भूमि दिलाए जाने के लिए आंदोलन में शांति बाई दाणी, गीता बाई गायकवाड़ तथा मीनल के योगदान को भुलाना असंभव है। विवाह की आयु 18 वर्ष, एक विवाह को



वैधता, गोद लेने का अधिकार जैसे कानून बनवाना, महिला सशक्तिकरण में बाबा साहेब का महती योगदान है। गर्भवती महिलाओं को प्रसूति अवकाश यह बाबा साहेब की ही देन है। संविधान के अनुच्छेद 14 से 16 में स्त्री-पुरुषों की समानता का अधिकार, नौकरियों में स्त्रियों को समान अधिकार एवं समान वेतन दिलाने में बाबा साहेब की महत्वपूर्ण भूमिका है। हिंदू कोड बिल, जिसमें महिलाओं को तलाक का अधिकार,बहुविवाह से संरक्षण, संपत्ति में पुत्री का पुत्र के समान अधिकार मिलनाजिस पर तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से उनकी असहमति सभी को ज्ञात है जो उनके मंत्रिमंडल से त्यागपत्र का भी एक कारण बनी थी। केवल हिंदू महिला ही नहीं बाबासाहेब ने मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की भी पुरज़ोर वकालत की थी। बाबा साहेब ने 1928 में ही कहा था कि "राष्ट्रहित में है कि माता को प्रसव-पूर्व एवं पश्चात आराम मिलना चाहिए। भारत का पहला मातृत्व लाभ विधेयक उन्होंने ही प्रस्तुत किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "नारी तू नारायणी" के संकल्प के साथ 2014 से ही महिला सशक्तीकरण के लिए अनेक प्रयास किए। समाज में जागरण के साथ-साथ लिंगानुपात में वृद्धि, समाज में सम्मान, आर्थिक सशक्तिकरण, महिला नेतृत्व आदि की दिशा में वह प्रयास सराहनीय है। मातृशक्ति की कठिनाइयों को समझकर 11 करोड़ शौचालयों का निर्माण जिसका उन्होंने इज्जतघर कहा वह ऐतिहासिक पहल थी। घर तक जल पहुँचाना, प्रधानमंत्री आवास योजना में महिला को मालिकाना हक, बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ अभियान ने न केवल लिंगानुपात में परिवर्तन किया बल्कि बेटी बोझ है की मानसिकता से भी मुक्ति दिलाई है। स्टार्टअप्स, मुद्रा योजना, जनधन खातों में 55% महिला भागीदारी, स्टैंड अप इंडिया, स्वयं सहायता समूह, जिसमें 10 करोड़ से अधिक महिलाओं की सहभागिता है, लखपति दीदी जैसी अनेक योजनाओं से आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाया है। गणतंत्र दिवस की परेड का नेतृत्व, सेना में अवसर,नमो ड्रोन दीदी, ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग महिलाओं द्वारा आदि ने महिलाओं के प्रति सम्मान को बहुगुणित किया है। तीन तलाक से मुक्ति के कानून ने मुस्लिम समाज की महिलाओं में विश्वास जगाने का कार्य किया है ।

नारी केवल मतदान तक सीमित न रहते हुए निर्णय प्रक्रिया में उसका योगदान हो, इस उद्देश्य से 16,17 एवं 18 अप्रैल में संसद एक ऐतिहासिक निर्णय ले रही है । लंबे समय से लंबित यह कानून मोदी सरकार ने 2023 में पास किया था। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8 अप्रैल 2026 को संविधान संशोधन विधेयक को स्वीकृति प्रदान की है। लोकतंत्र में 33% भागीदारी के लिये संसद की स्वीकृति के बाद यह स्त्री को सशक्तबनाने में सहायक होगा। जिसका परिणाम होगा कि 50% देश की जनसंख्या में सहभागी महिला शक्ति देश के विकास में अपना योगदान दे सकेंगी। भारत रत्न बाबा साहेब आंबेडकर ने 100 वर्ष पूर्व स्त्री के सम्मान का जो सपना देखा था, जिसको संविधान एवं संसद के माध्यम से उन्होंने पूर्ण करने का प्रयास भी किया था, आज 100 वर्षों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसको पूर्ण कर रहे हैं। समस्त विपक्षी दल उनके आह्वान अनुसार "नारी शक्ति वंदन" अधिनियम को पारित करने में सहायक बनें, बाबा साहेब के जन्म दिवस पर यह उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी

( लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सुरों की अमर सरगम

सुनील कुमार महला



# आशा का अविस्मरणीय अनूठा व यादगार सफर

मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले का 12 अप्रैल 2026 को 92 वर्ष की आयु में 'कार्डियक अरेस्ट' के कारण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। चेस्ट इंफेक्शन और अत्यधिक थकान के कारण उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। उनके निधन के साथ ही हिंदी सिनेमा का एक स्वर्णिम और सुरम्य अध्याय समाप्त हो गया। 8 सितम्बर 1933 को सांगली (महाराष्ट्र) में जन्मी आशा, महान शास्त्रीय गायक दीनानाथ मंगेशकर की पुत्री और लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। उनके परिवार में उषा मंगेशकर, मीना खाडिकर और हृदयनाथ मंगेशकर जैसे प्रतिभाशाली सदस्य भी संगीत साधना से जुड़े रहे। पिता के असमय निधन के बाद उन्होंने बहुत कम उम्र में ही परिवार की जिम्मेदारियां संभालीं और परिस्थितियोंवश गायन को अपनाया-इसी कारण वे स्वयं को 'एक्सीडेंटल सिंगर' भी कहा करती थीं। उनके निजी जीवन में कई उतार-चढ़ाव आए। उनका पहला विवाह गणपत राव भोसले से हुआ, जो सफल नहीं रहा। बाद में उन्होंने 1980 में प्रसिद्ध संगीतकार आर. डी. बर्मन (पंचम दा) से विवाह किया। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि पंचम दा उनसे लगभग छह वर्ष छोटे थे। वे पहली बार आशा से ऑटोग्राफ लेने आए थे और बाद में विवाह का प्रस्ताव रखा। प्रारंभ में आशा ने इसे अस्वीकार किया, किंतु अंततः यह संबंध जीवन और संगीत-दोनों में अमर सिद्ध हुआ। इस जोड़ी ने हिंदी फिल्म संगीत को अनेक कालजयी गीत दिए। उल्लेखनीय है कि आशा भोसले को फिल्म उमराव जान (1981) की ग़ज़लों के लिए अपना पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुआ, जिससे यह सिद्ध हो गया कि वे केवल चंचल या कैबरे गीतों तक सीमित नहीं थीं, बल्कि गंभीर और शास्त्रीय विधाओं में भी उतनी ही समर्थ थीं। इतना ही नहीं, वर्ष 2000 में उन्हें प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार और वर्ष 2008 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उन्होंने एस. डी. बर्मन, ए. आर. रहमान और किशोर कुमार जैसे महान कलाकारों के साथ अनगिनत लोकप्रिय गीत दिए। 62 वर्ष की आयु में फिल्म रंगीला के 'तन्हा तन्हा' और 'रंगीला रे' जैसे गीतों ने यह सिद्ध कर दिया कि उनकी आवाज़ में युवाओं जैसी ऊर्जा आजीवन बनी रही। 'आओ हुजूर तुमको' (फिल्म किस्मत) जैसे गीतों में उनका सहज, बिना रिहर्सल का भाव-संयोजन आज भी मिसाल माना जाता है। गायन के अतिरिक्त उन्होंने अभिनय (एक्टिंग) में भी रुचि दिखाई और 2013 में फिल्म माई से मुख्य अभिनेत्री के रूप में पदार्पण किया। वे उत्कृष्ट पाक-शैली की शौकीन थीं; उनका कहना था कि यदि वे गायिका न होतीं, तो एक बेहतरीन कुक बनतीं। कहते हैं कि उनके हाथ का 'कढ़ाई गोश्त' और 'मछली' किशोर कुमार और आर. डी. बर्मन जैसे दिग्गजों के बीच बेहद लोकप्रिय था। उनके नाम से 'आशा'ज' रेस्टोरेंट श्रृंखला दुबई, कुवैत, बहरीन और यूनाइटेड किंगडम में प्रसिद्ध रही, जो उनकी व्यावसायिक समझ का भी प्रमाण है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ब्रेट ली के साथ उन्होंने-'यू आर द वन फोर मी' गीत गाया। वर्ष 2005 में-' यू हैव स्टोलन माई हर्ट' एल्बम क्रोनोस क्वार्टेट के साथ रिकॉर्ड किया, जो ग्रैमी पुरस्कारों के लिए नामांकित हुआ। यहां यह उल्लेखनीय है कि वे ग्रैमी के लिए नामांकित होने वाली अग्रणी भारतीय गायिकाओं में शामिल रहीं। उन्होंने अंग्रेज़ी, रूसी, मलय और चेक जैसी विदेशी भाषाओं में भी गीत गाए, जिनमें उनका उच्चारण अत्यंत सटीक था। साथ ही, वे मिमिक्री कला में भी निपुण थीं। उनका व्यक्तिगत जीवन भी गहरे दुखों से गुज़रा। वर्ष 2012 में उनकी बेटी वर्षा और 2015 में पुत्र हेमंत का निधन हुआ, जिसने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया। इसके बावजूद उन्होंने कभी अपने चेहरे की मुस्कान और संगीत के प्रति समर्पण को कम नहीं होने दिया। 80 वर्ष की आयु के बाद भी वे मंच पर सक्रिय रहीं, जो उनके अदम्य उत्साह और जीवटता का प्रमाण है। उनका सिग्नेचर लुक-सफेद साड़ी और मोतियों का हार-उनकी सादगी, गरिमा और विशिष्ट पहचान का प्रतीक बन गया। निस्संदेह, आशा भोसले का जीवन केवल एक महान गायिका की जीवनी नहीं, बल्कि संघर्ष, साहस, प्रयोगधर्मिता और आत्मविश्वास की प्रेरक गाथा है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि वे किसी की परछाईं नहीं, बल्कि अपनी अलग पहचान गढ़ने वाली अद्वितीय कलाकार थीं। 'पिया तू अब तो आजा' जैसे चंचल गीतों से लेकर शास्त्रीय ग़ज़लों तक, उनकी आवाज़ ने हर भाव को अमर बना दिया। उनकी सुरमयी विरासत सदैव संगीत प्रेमियों के हृदय में गूंजती रहेगी और आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित व प्रोत्साहित करती रहेगी।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## धन तो कमा लिया, पर क्या आप सफल हैं?



संकलित
**दर्शन**

सफलता क्या है? वह मुस्कान जो कभी समाप्त न हो, सफलता की निशानी है। ऐसा आत्मविश्वास, जिसे कोई भी हिला न सके वह सफलता का संकेत है। जीवन में निडरता भी सफलता का संकेत है। एक सफल व्यक्ति कभी चोरी नहीं करेगा, क्योंकि वह जानता है कि वह कहीं भी जाए, समृद्धि प्राप्त कर सकता है। जब यह विश्वास होता है कि "मैं कहीं भी समृद्धि प्राप्त कर सकता हूँ", तो वह चोरी, कर-चोरी, भ्रष्टाचार आदि कोई भी ऐसा काम नहीं करेगा जिसका परिणाम अंततः कारागृह हो। खुशी और सफलता एक दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए- किसी व्यक्ति को देखिए। क्या वह जीवंत है? क्या उसके अंदर पर्याप्त प्राण (ऊर्जा) है? या वह इतना थका-हारा और टूटा हुआ दिखता है कि किसी काम का नहीं लगता? हो सकता है आपके पास बहुत धन हो, लेकिन आपको मधुमेह (डायबिटीज) है, कोलेस्ट्रॉल है, अनिद्रा है, उच्च रक्तचाप है तब आप सुख-सुविधाओं का आनंद भी नहीं ले पाते। हम अपनी आधी सेहत धन कमाने में खर्च कर देते हैं, और फिर आधा धन सेहत वापस पाने में लगा देते हैं। यह अर्थव्यवस्था का बुद्धिमत्तापूर्ण तरीका नहीं है। खुशी और सफलता एक-दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए।प्रतिकूल परिस्थितियों में व्यक्तित्व की परीक्षा : जब कभी व्यक्ति, स्थान या परिस्थितियाँ आपके विपरीत होती हैं, तब मनुष्य अक्सर उनसे प्रभावित होकर स्वयं भी दबाव में आ जाता है। व्यक्तियों परिस्थितियों से घिरकर हम कभी-कभी भीतर से बोझिल महसूस करने लगते हैं। *-श्री श्री रविशंकर*

## सुख-दुख आते रहेंगे, भक्ति नहीं छोड़नी चाहिए



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**शहीदों की याद दिलाता बैसाखी**

बैसाखी का पर्व मुख्य तौर पर हिंदुओं और सिखों द्वारा मनाया जाने वाला त्योहार है। इसी दिन 13 अप्रैल 1699 को सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसलिए इस त्योहार को उत्साह-हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इसके अलावा इसी दिन जलियांवाला बाग हत्याकांड अंग्रेजों की नापाक हरकत को भी याद करवाता है। 13 अप्रैल, 1919 बैसाखी वाले दिन अंग्रेजों ने पंजाब के जलियांवाला बाग में जिस नापाक हरकत को अंजाम देते हुए कई भारतीयों पर गोलियां चलाकर निहत्थे लोगों को मौत की नींद सुलाया था, उसको याद कर अब भी हर किसी की रुह तक कांप जाती है। अंग्रेजों ने अमृतसर में 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में अपने कायरतापूर्ण काम को अंजाम दिया था। यह अवसर हमें शहीदों की याद दिलाता है।

*-रोहित शर्मा, सोनीपत*

## करंट अफेयर

### पाक के खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो टीम पर हमला

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो टीकाकरण दल की सुरक्षा के लिए तैनात एक सुरक्षा दल पर अज्ञात आतंकवादियों की गोलीबारी में पुलिस के एक कांस्टेबल की मौत हो गई और चार अन्य कर्मी घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। यह घटना हंगू जिले के थाल थानाक्षेत्र में चपरी वजीरान इलाके में प्रांत में पोलियो रोधी अभियान के पहले दिन घटी। लि पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, हमलावरों ने पुलिस दल पर गोलीबारी की, जिसमें एक कांस्टेबल की मौत हो गई और थाल के अतिरिक्त थाना प्रभारी सहित चार अन्य घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों में से तीन हंगू स्थित पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय से संबद्ध हैं। कोहाट के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) इरफान तारिक ने बताया कि पुलिस दल ने जवाबी कार्रवाई की और गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि हालांकि, हमलावर अपने साथियों के शव घटनास्थल से ले गए। घायल सुरक्षाकर्मियों को इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया और हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया।



## ऑफ बीट

### बैठने के बजाय खड़े होकर काम करना फायदेमंद?

आधुनिक समय में हममें से अधिकतर लोग जागते हुए अपना अधिकांश समय बैठकर गुजारते हैं। हाल में एक अनुसंधान में लंबे समय तक बैठने के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों को रेखांकित किया गया है। कई कार्यस्थलों पर 'सिट-स्टैंड' डेस्क सिस्टम को अपनाया गया है, जिस पर आप लंबे समय तक बैठने के नुकसान से बचने के लिए डेस्क को बटन या लीवर दबाकर ऊंचा कर सकते हैं और खड़े होकर काम कर सकते हैं। लेकिन खड़ा होना बेहतर कैसे है? और क्या बहुत अधिक खड़े होने के भी नुकसान हैं? बहुत अधिक बैठने और खड़े होने के जोखिमों के बारे में अनुसंधान क्या कहता है, और क्या 'सिट-स्टैंड' डेस्क में निवेश करना ठीक है। बहुत अधिक बैठने के क्या नुकसान हैं? जो लोग बहुत अधिक बैठते हैं उनमें टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के विकसित होने और उनका जीवन कम होने की आशंका बढ़ जाती है। लंबे समय तक बैठे रहने से मांसपेशियों, हड्डियों में, खासकर गर्दन और पीठ में दर्द संबंधी शिकायत बढ़ जाती है। उन लोगों को अधिक बैठने से और भी ज्यादा नुकसान हो सकता है जो बहुत कम व्यायाम करते हैं या एक मानक स्तर तक शारीरिक गतिविधियां नहीं करते।



## ट्रेंड

### बलिदानियों को श्रद्धांजलि



जलियांवाला बाग नरसंहार के सभी अमर बलिदानियों को मेरी आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। विदेशी हुकूमत की बर्बरता के खिलाफ उनके अदम्य साहस और स्वाभिमान की गाथा देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करती रहेगी। मैं सभी को नमन करता हूं।

**-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### कविगुरु के सपनों का बंगाल




भाजपा सरकार बंगाल के गरीबों से कटमनी लेने वाली टीएमसी सिंडिकेट को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेगी। हिंदुओं के साथ हुई हिंसा और अत्याचार की जांच करेगी। टीएमसी ने 'सोनार बांग्ला' को सिंडिकेट राज बना दिया, भाजपा कविगुरु के सपनों का बंगाल बनाएगी। **-अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### ठंडे बस्ते में जाति जनगणना



सरकार अनुच्छेद 334-ए में संशोधन की बात कर रही है। तर्क दे रही है कि जाति जनगणना के नतीजे आने में समय लगेगा, लेकिन बिहार व तेलंगाना ने 6 माह से कम समय में जाति सर्वे पूरा किया है। स्पष्ट है कि सरकार जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती है। **-जयराम रमेश**, कांग्रेस महासचिव

### चीन की शरारती कोशिश



भारत अपने क्षेत्र के हिस्सों को दिए गए फर्जी नामों को खारिज करता है। चीन की ओर से ऐसे नाम तय करना शरारती कोशिश है। झूठे दावे जमीन की हकीकत नहीं बदल सकते। अरुणाचल भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा।

**-रंधीर जायसवाल**, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## डेब्यू पर साकिब और प्रफुल्ल को 4-4 विकेट, ईशान ने 91 रन बनाए

# हैदराबाद ने रोका रॉयल्स का विजयी रथ

### लगातार 4 जीत के बाद हारी राजस्थान, प्रफुल्ल मैन आफ द मैच

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल 2026 के 21वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 57 रनों से हरा दिया। यह रियान पराग की कप्तानी वाली राजस्थान की पहली हार है। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में पहले खेलते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने 6 विकेट पर 216 रन बनाए। राजस्थान ने पहले तीन ओवर में ही 5 विकेट खो दिए थे। टीम की पारी 19वें ओवर में 159 रनों पर सिमट गई। शुरुआत चार मैच जीतने वाली राजस्थान की यह सीजन में पहली बार है। 8 पॉइंट के साथ टीम अभी भी टेबल में पहले नंबर पर है। वहीं हैदराबाद की 5 मैचों में दूसरी जीत है।

- रॉयल्स को 57 रनों से हराया
- राजस्थान हार के बावजूद टॉप पर

डेब्यू कर रहे प्रफुल्ल हिंगे ने पहले ही ओवर में राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल और लुआन-ड्रे प्रिटोरियस को आउट कर दिया। तीनों का खाता नहीं खुला। पहली बार आईपीएल पारी के पहले ओवर में किसी गेंदबाज ने तीन विकेट लिए हैं। अगले ओवर में दूसरे डेब्यूटेंट साकिब हुसैन ने यशस्वी जायसवाल (1) को आउट कर दिया। तीसरे ओवर में प्रफुल्ल ने रियान पराग का विकेट लेकर राजस्थान का स्कोर 9 रन पर 5 विकेट कर दिया। डोनोवन फरेरा और रविंद्र जडेजा ने विकेट गिरने के सिलसिले को रोक दिया। हालांकि दोनों के बीच 118 रनों की शतकीय साझेदारी हुई। फेरेरा ने अपनी फिफ्टी बनाई लेकिन लगातार छक्के चौके नहीं मार पाए। साकिब ने 15वें ओवर में फेरेरा को बोल्ड करके साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने 44 गेंद पर 69 रन बनाए। अगले ओवर में रविंद्र जडेजा 45 रन बनाकर आउट हो गए।



### सीएसके की नजर दबदबे पर, कोलकाता जीत के लिए बेताब


*चेन्नई। पिछले मैच में जीत से उत्साहित चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम मंगलवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अब तक एक भी मैच नहीं जीतने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम के खिलाफ दबदबा बनाने की कोशिश करेगी। सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके सत्र की अपनी पहली जीत दर्ज की। उसकी इस जीत के नायक संजू सैमसन रहे, जिन्होंने 56 गेंद पर नाबाद 115 रन की पारी खेली। दूसरी ओर केकेआर जीत के लिए बेताब है। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ वह लगभग जीत के करीब पहुंच गया था, लेकिन मुकुल चौधरी की शानदार पारी ने अजिंक्य रहाणे और उनकी टीम को पहली जीत से वंचित कर दिया। कैमरन ग्रीन ने पिछले मैच में केकेआर के लिए गेंदबाजी की। यह ऑलराउंडर चेपॉक में शानदार प्रदर्शन करके अपनी मोटी कीमत को सही साबित करने की कोशिश करेगा।*

मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट

## रॉरी मैकलॉय ने लगातार दूसरी बार जीता खिताब

एजेंसी ▸▸ ऑगस्टा

रॉरी मैकलॉय मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करके जैक निकोलस, निक फाल्डो और टाइगर वुड्स के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए हैं। मैकलॉय (67, 65, 73, 71) को इस बीच कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरना पड़ा लेकिन आखिर में वह एक शॉट से जीत हासिल करने में सफल रहे। उन्होंने कुल 12 अंडर 276 का स्कोर बनाया और स्कॉटी शेफ़लर पर एक शॉट से जीत हासिल की। मैकलॉय ने तीसरे राउंड में छह शॉट की बढ़त गंवा दी थी, लेकिन अंतिम राउंड के आखिर में उन्होंने दो शानदार बर्डी लगाकर शीर्ष खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम शामिल कर लिया। मैकलॉय इस तरह से वुड्स, फाल्डो और निकोलस के बाद मास्टर्स में अपने खिताब का बचाव करने वाले चौथे गोल्फर बन गए।



**मास्टर्स जीतना बहुत मुश्किल**

मैकलॉय ने कहा, 'पिछले साल मास्टर्स और ग्रैंड स्लैम जीतना बहुत मुश्किल लग रहा था, लेकिन इस साल मुझे अहसास हुआ कि मास्टर्स जीतना वाकई बहुत मुश्किल है। अविश्वसनीय।' अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर मैकलॉय को बधाई दी। उन्होंने लिखा, 'रॉरी हर साल महान हस्ती बनते जा रहे हैं।' टाइरल हटन, रसेल हेनली, जस्टिन रोज और कैमरन यंग 10 अंडर 278 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे।

### बीसीसीआई ने आरआर के मैनेजर को भेजा नोटिस



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने राजस्थान रॉयल्स के मैनेजर रोमी भिंडर को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। वे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ हुए मैच में डगआउट में फोन चलाते दिखे थे। बीसीसीआई ने कारण बताओ नोटिस जारी किया। उसने इस मामले में 48 घंटे में जवाब मांगा है। रोमी भिंडर गुवाहाटी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ मैच के दौरान डगआउट में फोन चला रहे थे। उस समय उनके पास वैभव सूर्यवंशी भी बैठे हुए थे। टीवी कैमरों में भिंडर के फोन चलाने की घटना कैद हो गई थी। इसके बाद बवाल हो गया। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि भिंडर हाल ही में गंभीर रूप से बीमार रहे थे। इस वजह से वह अपने साथ फोन लेकर चलते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भिंडर के दोनों फेफड़े खराब हो गए थे। इसकी वजह से उन्हें आईसीयू में रहना पड़ा था। वे कुछ समय के लिए वेंटीलेटर पर थे।

सीरी-ए फुटबॉल लीग

## जीत के साथ खिताब के करीब पहुंचा इंटर मिलान



एजेंसी ▸▸ रोम

इंटर मिलान ने कोमो के खिलाफ दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 4-3 से जीत हासिल की और इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में अपनी बढ़त को नौ अंक तक पहुंचा दिया है। मार्कस थुरम और डेनजेल डम्फ्रीस ने इंटर के लिए दो-दो गोल किए। इससे उसने दूसरे स्थान पर काबिज नेपोली के पर्मा के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलने का फायदा उठाते हुए अपनी बढ़त को मजबूत कर दिया। इंटर मिलान के अब 32 मैच में 75 अंक हो गए हैं। नेपोली के इतने ही मैच में 66 अंक हैं। एसी मिलान 32 मैच में 63 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। इस प्रतियोगिता में अब छह दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।

### एशियाई चैंपियनशिप में भारतीय सेना के मुक्केबाजों ने आठ पदक जीते

**नई दिल्ली।** मंगोलिया में संपन्न एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारतीय सेना के मुक्केबाजों ने तीन स्वर्ण पदकों सहित आठ पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। सेना के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुरुष वर्ग में विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा में स्वर्ण), सचिन सिवाच (60 किग्रा में रजत), आकाश (75 किग्रा में कांस्य), लोकेश (85 किग्रा में कांस्य) और नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा में कांस्य) पदक विजेताओं में शामिल रहे। म हि ला वर्ग में प्रीति पवार (54 किग्रा में स्वर्ण), जैस्मीन लंबोरिया (57 किग्रा में रजत) और अरुंधति चौधरी (70 किग्रा में स्वर्ण) ने भी पदक जीते। सेना के एक अधिकारी ने कहा, ''भारतीय सेना के मिशन ओलंपिक कार्यक्रम के तहत सेना खेल संस्थान में प्रशिक्षित मुक्केबाजों ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदकों सहित कुल आठ पदक जीते।'' उन्होंने कहा, ''टीम के पदकों की यह उपलब्धि भारतीय सेना द्वारा अपने पेशेवर खेल तंत्र के माध्यम से पोषित उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, अनुशासन और प्रतिस्पर्धी उत्कृष्टता को दर्शाती है।''

### आईसीसी का महिला क्रिकेट को तोहफा, प्राइज मनी में इजाफा

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आगामी महिला टी20 विश्व कप के लिए 82 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की। इस विश्व कप का आयोजन दो महीने बाद इंग्लैंड एवं वेल्स में होगा। कुल पुरस्कार राशि में पिछले सत्र की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। टूर्नामेंट के पिछले सत्र में 10 टीमों ने भाग लिया था, लेकिन 12 जून से पांच जुलाई तक सात स्थानों पर खेले जाने वाले आगामी विश्व कप में 12 टीमें भाग लेंगी। इसका फाइनल लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होगा। आईसीसी ने कहा, सभी 12 प्रतिभागी टीमों को कम से कम 2,47,500 डॉलर (लगभग 2.06 करोड़ रुपए) का सुनिश्चित पुरस्कार मिलेगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 12 जून को बर्मिंघम के एजबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच मैच से होगी।

- पुरस्कार राशि में पिछले सत्र की तुलना में 10 प्रतिशत वृद्धि



### सिनर फिर बने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी, अल्कारेज को पछाड़ा

**रोम।** इटली के यानिक सिनर नवीनतम एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में कार्लोस अल्कारेज को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए। सिनर ने मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में स्पेन के अल्कारेज को हराकर खिताब जीता था, जिसके बाद वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे। क्ले कोर्ट पर यह सिनर का पहला बड़ा खिताब है और उन्होंने अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी को हराकर यह खिताब हासिल किया। यह 2026 के लिए सिनर के मुख्य लक्ष्य की ओर बढ़ाया गया पहला कदम है। उनका लक्ष्य फ्रेंच ओपन जीतकर करियर ग्रैंडस्लैम पूरा करना है। सिनर के 13350 अंक हैं जबकि अल्कारेज 13240 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव 5555 अंक के साथ तीसरे पायदान पर हैं।



## अमेरिका की धमकियों पर तेहरान ने किया पलटवार कहा

# ईरान पोर्ट को निशाना बनाया तो इलाके का कोई बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा



- **चीन को धमकी** : ट्रंप ने चीन को साफ चेतावनी दी है कि अगर उसने ईरान की सैन्य मदद की, तो अमेरिका उस पर 50% तक भारी टैरिफ लगा देगा।
- **होर्मुज की नाकाबंदी** : ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी नौसेना होर्मुज स्ट्रेट में नाकाबंदी करेगी और ईरान को टोल देने वाले जहाजों को भी रास्ते में रोक लिया जाएगा।
- **ईरान ने टोल मांगा** : ईरान ने दावा किया कि होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह उसके कंट्रोल में है और वहां से गुजरने वाले जहाजों को रियाल में टोल देना जरूरी होगा।
- **50 लोग गिरफ्तार** : ईरान में करीब 50 लोगों को जासूसी के आरोप में पकड़ा गया है, जिन पर अमेरिका और इजराइल को संवेदनशील जानकारी देने का आरोप है।

### ईरान बोला- खाड़ी के बंदरगाह या तो सबके लिए या किसी के लिए नहीं

### अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों और तटीय इलाकों पर नाकाबंदी शुरू की

### ईरान संग खुलकर आया चीन, ट्रंप ने चेताया, कहा हमारे मामले में दखल नहीं दें

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/तेहरान

इस्लामाबाद में शांति वार्ता असफल होने के बाद अमेरिका लगातार ईरान को धमका रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार धमकियां दे रहे हैं। उनकी धमकियों पर ईरान ने भी पलटवार किया है। तेहरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर उसके बंदरगाहों को निशाना बनाया गया, तो फारस की खाड़ी और ओमान सागर में कोई भी पोर्ट सुरक्षित नहीं रहेगा।

ईरान की सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने कहा कि क्षेत्र की समुद्री सुरक्षा सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है। अगर सुरक्षा सबके लिए नहीं होगी, तो किसी के लिए भी नहीं होगी। वहीं, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने घोषणा की है कि अमेरिका सोमवार से ईरान के बंदरगाहों और तटीय इलाकों पर नाकाबंदी (ब्लॉकेड) लागू करने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत ईरान के बंदरगाहों में आने-जाने वाले सभी देशों के जहाजों पर नजर रखी जाएगी और उन्हें रोका जा सकता है। हालांकि, होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले वे जहाज जो ईरान के अलावा अन्य देशों के बंदरगाहों के बीच सफर कर रहे हैं, उन्हें आने-जाने की इजाजत दी जाएगी। वहीं ट्रंप ईरान को लेकर धड़ाधड़ एक्शन लेते नजर आ रहे हैं और उनके ज्यादातर फैसलों से न सिर्फ ईरान, बल्कि चीन भी प्रभावित हो रहा है। चीन द्वारा ईरान को सैन्य हथियारों की मदद करने से जुड़े इंटेल के बाद बीते दिनों डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा बयान दिया था और कहा था कि चीन द्वारा ईरान की सैन्य मदद करने से जुड़े सवाल पर ट्रंप ने कहा था कि, इसके परिणाम गंभीर होंगे. मुझे शक है कि वे ऐसा करेंगे, अगर हमने उन्हें ऐसा करते हुए पकड़ लिया, तो उन पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगेगा, जो कि सचमुच एक बहुत बड़ी रकम है।

### ट्रंप का दावा- अब तक 158 ईरानी जहाज तबाह किए

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि नाकेबंदी का मकसद ईरान की तेल बिक्री रोकना है। ट्रंप के मुताबिक, कई अन्य देश भी इस प्रयास में अमेरिका का साथ दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया है कि ईरान की सैन्य ताकत को भारी नुकसान हुआ है और उसकी नौसेना लगभग खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 158 जहाज तबाह किए जा चुके हैं। इस बीच वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में हुई वार्ता के विफल होने के बाद अमेरिका ईरान पर दोबारा सैन्य हमले करने पर भी विचार कर रहा है। व्हाइट हाउस ने साफ किया है कि सभी विकल्प खुले हैं और हालात के हिसाब से आगे का फैसला लिया जाएगा।

### नाकाबंदी से पहले ईरान से जुड़े दो तेल टैंकर होर्मुज से निकले

ईरान से जुड़े दो तेल टैंकर अमेरिका की संभावित नाकाबंदी से पहले फारस की खाड़ी से बाहर निकल गए हैं। ये दोनों जहाज होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते बाहर निकेल। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऑरोरा नाम का टैंकर ईरान के ऑयल प्रोडक्ट लेकर जा रहा था। वहीं न्यू फ्यूचर नाम का दूसरा टैंकर डीजल लेकर जा रहा है। अमेरिका ईरान के बंदरगाहों और समुद्री इलाकों पर नाकाबंदी करने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में इन टैंकरों को जल्दी बाहर निकाल लिया गया ताकि किसी रोक या कार्रवाई से बचा जा सके।

### चीन : हमारे जहाज होर्मुज से आ-जा रहे



अब चीन ट्रंप की धमकियों के बीच खुलकर ईरान के साथ खड़ा नजर आ रहा है। होर्मुज पर नाकाबंदी की घोषणा के बाद ड्रैगन ने ईरान का समर्थन किया है और अमेरिका को बड़ी चेतावनी भी दी है। ट्रंप के कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए चीनी रक्षा मंत्री डोंग जून ने कहा कि, बीजिंग दुनिया में शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध है और मध्य पूर्व की स्थिति पर नजर रख रहा है। उन्होंने आगे सख्त लहजे में कहा कि, हमारे जहाज होर्मुज स्ट्रेट में लगातार आ-जा रहे हैं। ईरान के साथ हमारे व्यापारिक और ऊर्जा समझौते हैं। हम उनका सम्मान करेंगे और उम्मीद करते हैं कि कोई और हमारे मामलों में दखल न दे. होर्मुज पर ईरान का कंट्रोल है और यह हमारे लिए खुला है। दुनिया की तेल जरूरतों को पूरा के लिए सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर नाकाबंदी को लेकर अमेरिका ने कदम पाकिस्तान में हुई वार्ता के बेनतीजा निकलने के बाद उठाया है। इस नाकाबंदी से चीन की एनर्जी सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हो सकती है, क्योंकि चीन, ईरानी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। ऐसे में होर्मुज में शिपमेंट से जुड़ी किसी भी तरह की रुकावट से न सिर्फ ईरान के रेवेन्यू को चोट लगेगी, बल्कि चीन की तेल सप्लाई में बड़ी परेशानी पेश आ सकती है, जो चीन इकोनॉमी के लिए अच्छी नहीं है। यही कारण है कि ट्रंप की धमकी के बाद चीन बौखलाया नजर आ रहा है।

### लेबनान और इजराइली सेना के बीच हमले जारी

लेबनान के उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसने इजराइल के कई ठिकानों और बस्तियों पर एक साथ कई हमले किए हैं। हिजबुल्लाह के मुताबिक, उसके लड़ाकों ने मिसगव आम बस्ती को निशाना बनाया। इसके अलावा, कफर गिलादी में इजराइली सैनिकों पर हमला किया गया। संगठन ने यह भी कहा कि उसने जारित इलाके में मौजूद इजराइली सैन्य बैरक को भी निशाना बनाया। वहीं दूसरी तरफ इजराइल की सेना ने कहा कि उसने दक्षिण लेबनान के बिन्त जबील इलाके में ग्राउंड ऑपरेशन शुरू कर दिया है।
सेना के मुताबिक, यह खास टारगेट्स को निशाना बनाकर हमला किया जा रहा है। वहीं, ईरान और पाकिस्तान का कहना है कि पिछले हफ्ते जो अस्थायी सीजफायर हुआ था, उसमें लेबनान भी शामिल है। लेकिन इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने इस दावे को खारिज कर दिया है। उन्होंने साफ कहा कि लेबनान में कोई सीजफायर नहीं है और इजराइल हिजबुल्लाह पर पूरी ताकत से हमला जारी रखेगा।

## पोप की आलोचना के बाद ट्रंप ने खुद को यीशु के रूप में दिखाया

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

- पोप लियो ने कहा - उनको ट्रंप प्रशासन का डर नहीं, सच कहते रहेंगे



लंबी सोशल मीडिया पोस्ट में रविवार को पोप लियो की आलोचना करने के तुरंत बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कथित तौर पर एआई से बनाई गई तस्वीर साझा की, जिसमें वे खुद को यीशु जैसे रूप में दिखाते नजर आए। यह तस्वीर ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट की। इसमें ट्रंप को सफेद और लाल वस्त्रों में दिखाया गया है।

इस चित्र में उनके हाथों से चमकती रोशनी निकलती दिख रही है और उनका दाहिना हाथ अस्पताल के कपड़े पहने बिस्तर पर लेटे एक व्यक्ति के माथे को छू रहा है। यह दृश्य उन धार्मिक चित्रों की याद दिलाता है, जिनमें यीशु बीमारों को ठीक करते हुए दिखाए जाते हैं। दूसरी ओर पोप लियो ने सोमवार को कहा कि उन्हें ट्रंप प्रशासन से कोई डर नहीं है। यह बयान उन्होंने उस समय दिया जब राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर उनकी आलोचना की थी। अफ्रीकी देशों के 10-दिवसीय दौरे पर जा रहे पोप ने अल्जीरिया की उड़ान के दौरान पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुझे ट्रंप प्रशासन से कोई भय नहीं है और न ही सही संदेश को खुलकर कहने में। यही मेरा कर्तव्य है। जब उनसे ट्रंप की टिप्पणियों के बारे में सीधे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह विडंबना है। खुद साइट के नाम में ही सब कुछ है। इससे ज्यादा कहने की जरूरत नहीं। ट्रंप ने अपना चित्र बिना किसी टिप्पणी के पोस्ट किया और इससे कम से कम एक घंटे पहले ट्रंप ने एक अन्य पोस्ट में पोप लियो की आलोचना करते हुए उन्हें अपराध के मुद्दे पर कमजोर और विदेश नीति के लिए खराब बताया था। पोप दुनिया के 1.4 अरब कैथोलिकों का नेतृत्व करने वाले पहले अमेरिकी मूल के धर्मगुरु हैं। उन्होंने अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के खिलाफ भी आवाज उठाई है और इसे बेतुका और अमानवीय हिंसा करार दिया है।

### ट्रंप ने की थी पोस्ट



ट्रंप द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर में बिस्तर पर लेटा व्यक्ति कई लोगों से घिरा हुआ है, जो ट्रंप की ओर देख रहे हैं। इनमें एक डॉक्टर (गले में स्टेथोस्कोप के साथ), एक प्रार्थना करती महिला और एक सैनिक वर्दी पहना व्यक्ति भी शामिल है। चित्र की पृष्ठभूमि में स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी, लिंकन मेमोरियल जैसी इमारत, लड़ाकू विमान, गरुड़, आतिशबाजी और लहराता हुआ अमेरिकी झंडा भी दिखाई देता है। पिछले एक साल में ट्रंप ने सोशल मीडिया पर अपनी कई एआई-जनित तस्वीरें पोस्ट की हैं। जिन पर कई बार तीखी प्रतिक्रिया भी हुई है। मई 2025 में पोप फ्रांसिस के निधन के बाद ट्रंप ने खुद को पोप के रूप में दिखाते हुए एक तस्वीर पोस्ट की थी, जिसकी कैथोलिक समुदाय सहित कई लोगों ने आलोचना की थी। फरवरी 2025 में भी ट्रंप ने एक पत्रिका कवर जैसा चित्र साझा किया था, जिसमें वे ताज पहने हुए नजर आए और खुद की तुलना एक राजा से की थी।

### विदेश मंत्रालय ने दी वर्तमान हालात पर जानकारी

# पीएम मोदी के निर्देश पर भारत खाड़ी के देशों से संबंध मजबूत कर रहा

- भारत-संयुक्त अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी और मजबूत हुई
- 20,400 मीट्रिक टन एलपीजी से भरा भारतीय जहाज होर्मुज से गुजरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के साथ ईरान की वार्ता विफल होने के बाद विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत की कूटनीति पर अहम जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्देशों का पालन करते हुए, हम खाड़ी देशों से अपने संबंध मजबूत कर रहे हैं। इसी के अनुरूप, विदेश मंत्री ने 11 से 12 अप्रैल, 2026 तक संयुक्त अरब अमीरात का दौरा किया था। विदेश मंत्री ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति से मुलाकात की और प्रधानमंत्री की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए देश में हमारे समुदाय के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने भारत-संयुक्त अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए उनके मार्गदर्शन के लिए भी धन्यवाद दिया।



रणधीर जायसवाल

### फारस की खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित

वहीं, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने भी एक अहम जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फिलहाल, फारस की खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। पिछले 24 घंटों में भारतीय ध्वज वाले जहाजों से जुड़ी कोई घटना दर्ज नहीं की गई है। भारतीय ध्वज वाला एलपीजी पोत जग विक्रम 11 अप्रैल को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरा। पोत में लगभग 20,400 मीट्रिक टन एलपीजी भरी हुई है और इसमें 24 नाविक सवार हैं। इसके 14 अप्रैल को कांडला पहुंचने की उम्मीद है।

### घरेलू एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य

*इसके अलावा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एलपीजी सिलेंडर को लेकर ताजा अपडेट दिया है। उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कर दी गई है और वर्तमान में घरेलू एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। किसी भी वितरक के पास गैस की कमी (सूखापन) की कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। ऑनलाइन बुकिंग की स्थिति भी लगभग 99% तक पहुंच गई है। इसके अतिरिक्त, अवैध उपयोग को रोकने के लिए, ओटीपी आधारित एलपीजी वितरण प्रणाली लागू की गई है। इस प्रक्रिया में, ओटीपी केवल उपभोक्ता के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजा जाता है। इसलिए, यदि उपभोक्ता इस कोड को किसी और के साथ साझा नहीं करता है, तो यह सुरक्षित रहता है और किसी अन्य व्यक्ति द्वारा इसे प्राप्त नहीं किया जा सकता है।*

### तेल कंपनियों ने न्यूनतम स्टॉक सीमा निर्धारित की

*इसके अलावा, तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए, प्रत्येक क्षेत्र के लिए न्यूनतम स्टॉक सीमा निर्धारित की है, जो 85% से 90% के बीच है। इस स्तर से ऊपर वितरण अनुमोदन (डीएसी) को दरकिनार करने के लिए केवल राज्य प्रमुख या क्षेत्र-स्तरीय अधिकारियों की अनुमति आवश्यक है।*

### महाराष्ट्र के ठाणे में सड़क हादसा, 11 की गई जान

- मरने वालों में 8 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में सोमवार को सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। दो गंभीर घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक हादसा सुबह करीब 10:45 बजे मुर्बाड के गोविली गांव स्थित रैता ब्रिज पर हुआ। कल्याण से मुर्बाड जा रही वैन की सामने से आ रहे सीमेंट मिक्सर ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन में सवार 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। वहीं, अन्य दो लोग घायल हैं, जिन्हें उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### गुजरात में ट्रक ने श्रद्धालुओं को कुचला, 7 की मौत

**सुरेंद्रनगर।** गुजरात के सुरेंद्रनगर में सोमवार सुबह लखतर-विरामगाम नेशनल हाईवे पर एक ट्रक ने पैदल चल रहे श्रद्धालुओं को कुचल दिया। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गए। घायलों को सुरेंद्रनगर के अलग-अलग हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है। घायलों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। लखतर पुलिस इंस्पेक्टर योगेश पटेल ने बताया कि घटना लखतर-विरामगाम हाईवे पर रात करीब 1:30 बजे हुई। तीर्थयात्रियों का एक ग्रुप पैदल राजकोट से बहुचराजी माता मंदिर जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने सभी को कुचल दिया। हादसे में छह तीर्थयात्रियों और सड़क किनारे खड़े एक डंपर के ड्राइवर की मौत हो गई।

### केजरीवाल ने जज को ही सुना डाला

# जज को लेकर मेरे मन में कई आशंकाएं हैं, खुद दलीलें दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली हाई कोर्ट में सोमवार को एक बार फिर पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल एक तेज तर्रार वकील की तरह अपनी दलीलें रखते नजर आए। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा से कथित शराब घोटाले से जुड़े केस से अलग हो जाने की मांग करते हुए आपके मुखिया ने कई दलीलें पेश कीं। केजरीवाल बेहद तीखे नजर आए और उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि उन्हें जज को लेकर मन में आशंकाएं हैं।

**जस्टिस स्वर्ण कांता बोलीं**

### मुझे घूरिए मत...

केजरीवाल ने कथित शराब घोटाला मामले में खुद दलीलें दीं।



जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ के समक्ष केजरीवाल ने कोर्ट में गड़बड़ी के आरोप लगाए। जस्टिस शर्मा को यह तक कह डाला कि अगर वे किसी खास आइडियोलॉजी के प्रोग्राम में जा रही हैं तो मेरे मन में डर पैदा होता है। इस पर जज शर्मा ने कहा- मुझे घूरिए मत।

- *इससे पहले 6 अप्रैल को सुनवाई हुई थी। तब कोर्ट ने सीबीआई को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और कहा कि अगर कोई जज को मामले से हटाने की मांग वाली अर्जी देना चाहता है, तो दे सकता है।*
- *ट्रायल कोर्ट ने 27 फरवरी को आबकारी नीति मामले में केजरीवाल और 22 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया था। इस आदेश को सीबीआई ने चुनौती दी, जिसकी सुनवाई वर्तमान में जस्टिस शर्मा कर रही हैं।*

### खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने से मार्च में बढ़ी खुदरा महंगाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में मामूली बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई। फरवरी में यह 3.21 प्रतिशत के स्तर पर थी। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच कुछ खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की दर मार्च में 3.87 प्रतिशत रही जो पिछले महीने के 3.47 प्रतिशत से अधिक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े नई श्रृंखला यानी 2024 को आधार वर्ष मानकर जारी किए हैं। खुदरा महंगाई हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बनी हुई है। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, सोने-चांदी के आभूषण, नारियल, टमाटर और फूलगोभी की कीमतों में मार्च महीने में भारी बढ़ोतरी हुई। वहीं प्याज, आलू, लहसुन, अरहर दाल और चने की कीमतों की महंगाई दर घटी। ''बिजली, गैस और अन्य ईंधन'' श्रेणी में खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में 1.65 प्रतिशत रही जबकि पिछले फरवरी में यह 1.52 प्रतिशत थी।

### बायोमीट्रिक सिस्टम से मतदान पर केंद्र-ईसी से सुको ने मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मतदान से पहले मतदाताओं की बायोमेट्रिक और फेस रिकग्निशन पहचान लागू करने की मांग वाली जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। यह याचिका भाजपा नेता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने दायर की है। सी जे आ स ई र्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले पर चुनाव आयोग और केंद्र से जवाब मांगा। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसी व्यवस्था लागू करने के लिए नियमों में बदलाव की जरूरत होगी और इससे सरकारी खजाने पर बड़ा वित्तीय बोझ भी पड़ सकता है। याचिका में कहा गया है कि रिश्वत, अनुचित प्रभाव, फर्जी पहचान , डुप्लीकेट वोटिंग और घोस्ट वोटिंग जैसी समस्याएं अब भी चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता और निष्पक्षता को प्रभावित कर रही हैं, जिससे नागरिकों को व्यापक नुकसान होता है।



### मुठभेड़ के बाद हिमांशु भाऊ गिरोह के दो गुर्गे गिरफ्तार

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी के बाहरी इलाके में दिल्ली पुलिस के साथ सोमवार तड़के हुई संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद हिमांशु उर्फ भाऊ गिरोह के दो कथित सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान नजफगढ़ के गोपाल नगर निवासी दीपक और हरियाणा के झज्जर निवासी अतुल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, गिरोह के सदस्यों की गतिविधियों के बारे में मिली विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर यह अभियान चलाया गया। सूचना मिलने पर, विशेष प्रकोष्ठ की एक टीम ने बापरोला लिंक रोड के पास जाल बिछाया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब संदिग्ध मौके पर पहुंचे, तो उन्हें रुकने का इशारा किया गया, लेकिन उन्होंने गिरफ्तारी से बचने की कोशिश की, जिसके पुलिस दल के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ हुई। उनके मुताबिक, मुठभेड़ के दौरान, दोनों आरोपियों को गोली लगी और पुलिस ने उन्हें काबू कर लिया और गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी के मुताबिक, उन्हें इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28